## सिटी ब्रीफ

### प्लेसमेंट सेक्शन अपडेट, रोजगार से जुड़ी सूचना मिलेगी एक क्लिक पर

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली कॉलेज में अध्ययनरत एवं पूर्व छात्र-छात्राओं के बेहतर भविष्य को ध्यान में रखते हुए करियर काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल ने नई पहल शुरू की है। इसके तहत सरकारी व गैर-सरकारी नौकरियों से संबंधित महत्वपूर्ण सूचनाओं को संकलित कर कॉलेज की आधिकारिक वेबसाइट bcb.ac.in के प्लेसमेंट सेक्शन में नियमित रूप से अपलोड किया जा रहा है। इस पहल का उद्देश्य छात्रों को समय पर और विश्वसनीय जानकारी उपलब्ध कराना है, ताकि वे विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्ध अवसरों के प्रति जागरूक होकर समय रहते आवेदन कर सकें। इसमें केवल नौकरी से जुड़ी जानकारी ही नहीं, बल्कि राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय फैलोशिप, शोध प्रवेश प्रक्रियाएं, प्रशिक्षण कार्यक्रम, सेमिनार, कार्यशालाओं से संबंधित अपडेट भी उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

### भुगतान के लिए 10 को प्रदर्शन करेंगी आशा कार्यकर्ता

**बरेली, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश आशा वर्कर्स यूनियन ने लंबित प्रोत्साहन राशि के भुगतान को लेकर आंदोलन का ऐलान किया है। यूनियन ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को ज्ञापन देकर 10 अप्रैल को विरोध प्रदर्शन की चेतावनी दी है। ज्ञापन में कहा गया है कि 2024-25 की प्रोत्साहन राशि का बजट स्वीकृत होने के बावजूद आशा कार्यकर्ताओं को समय पर भुगतान नहीं किया गया। साथ ही वर्ष 2025-26 के कार्यों के भुगतान में भी देरी हो रही है। भुगतान के नाम पर अवैध कटौती की जा रही है और पारदर्शिता का अभाव है। सभी लंबित भुगतानों को शीघ्र जारी किया जाए, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर भुगतान का पूरा विवरण नोटिस बोर्ड पर प्रदर्शित किया जाए और अवैध वसूली पर सख्ती से रोक लगाई जाए। चेतावनी दी गई है कि मांगें पूरी न होने पर 10 अप्रैल को जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन किया जाएगा।

## शहर में आज

- महंगी किताबें व स्कूलों में फीस वृद्धि के विरोध में शिवसेना की ओर से डीएम को ज्ञापन दोपहर 12:30 बजे।
- एसआरएमएस में श्रीराम मूर्ति मेमोरियल टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन-6 दोपहर 1:30 बजे।
- बाबा श्री नीलकंण्ड मंदिर राजेन्द्र नगर में शिव महापुराण कथा शाम 5 बजे से 9 बजे।

# बुलडोजर थमे, खौफ में व्यापारी खुद चला रहे हथौड़ा

- कोहाड़ापीर रोड पर लाल निशान पर बुधवार को निगम की कार्रवाई पर लगा ब्रेक
- कुदेशिया रोड पर दो दिन का अल्टीमेटम, दुकानदारों में खलबली मंडराया ध्वस्तीकरण का साया

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** कोहाड़ापीर से धर्मकांटा रोड तक मंगलवार को बुलडोजर कार्रवाई के बाद बुधवार को नजारा बदला नजर आया। जिस सड़क पर बुलडोजर का शोर था, वहां अजीब खामोशी और दहशत का माहौल रहा। 40 दुकानों को मलबे में तब्दील करने के बाद बुधवार को निगम के बुलडोजर के पहिए थमे रहे, लेकिन व्यापारियों के मन से खौफ कम नहीं हुआ। ज्यादा नुकसान के डर से दर्जनों व्यापारी और भवन स्वामी खुद ही अपनी दुकानों और घरों के उन अवैध हिस्सों को तोड़ते दिखे, जिन पर नगर निगम ने लाल निशान लगाए थे। दूसरी ओर, कुदेशिया रोड पर अभियंता पहुंचे और दो दिन का अल्टीमेटम देकर लौट आए।



धर्मकांटा रोड पर बचे अतिक्रमण को खुद ही हटवाते लोग। ● अमृत विचार

दरअसल, सीए ग्रिड योजना के तहत कोहाड़ापीर से धर्मकांटा चौराहा व नैनीताल रोड तक सड़क चौड़ी की जानी है। मंगलवार को कार्रवाई के बाद निगम ने बुधवार को भी अभियान जारी रखने का दावा किया था, लेकिन बुलडोजर के पहिए थमे रहे। चर्चा रही कि व्यापारियों के भारी विरोध और राजनीतिक दबाव के चलते दूसरे दिन टीम ने भारत सेवा ट्रस्ट के सामने बनी तीन मंजिला इमारत समेत अन्य प्रतिष्ठानों पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई रोक दी है। हालांकि, निगम के अभियंताओं ने दलील दी कि चूंकि लोग स्वेच्छा से अतिक्रमण हटा रहे हैं, इसलिए बलपूर्वक कार्रवाई की जरूरत नहीं समझी गई। दिन भर टीमें केवल मुआयना करती रहीं ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि लाल निशान के दायरे में आने वाला हिस्सा पूरी तरह साफ हुआ है या नहीं।

इधर, कुदेशिया रोड के व्यापारियों के लिए आने वाले दो से तीन दिन बेहद भारी रहने वाले हैं। नगर निगम के निर्माण विभाग के अभियंताओं ने वहां पहुंचकर दुकानदारों को कड़ा अल्टीमेटम दिया है। स्पष्ट किया है कि लाल निशान लगाए जा चुके हैं और तीन दिन के भीतर किसी भी वक्त बुलडोजर गरज सकता है। गौरतलब है कि मंगलवार को सुबह 10 बजे तीन बुलडोजर और भारी पुलिस बल के साथ टीम पहुंची थी तो कार्रवाई का तीखा विरोध हुआ था। जिसे दरकिनार कर करीब 40 दुकानों पर कार्रवाई की गई थी। अब कुदेशिया रोड के व्यापारियों की धड़कनें भी बढ़ गई हैं, क्योंकि तीन दिन की मोहलत खत्म होते ही नगर निगम का बुलडोजर एक बार फिर गरजने को तैयार है।

### भविष्य के सपने हो गए मलबा

बुलडोजर कार्रवाई के बाद मंगलवार को कोहाड़ापीर रोड पर लोगों में बेबसी साफ देखी गई। महिलाओं से लेकर पुरुष मलबे से सपनों के टुकड़े बटोरते दिखे, तो बच्चे घर के बर्तन और कीमती सामान सुरक्षित स्थान पर ले जाने की जद्दोजहद में थे। दुकानदारों की नम आंखें उजड़े रोजगार को निहारती रहीं। मानों पूछ रही हों कि अब परिवार का पेट कैसे पलेगा। इस दौरान कई मध्यमवर्गीय परिवारों के हाथ सामान समेटते समय कांप रहे थे और चेहरों पर भविष्य की अनिश्चितता का खौफ छाया था।

सीएम ग्रिड योजना मुख्यमंत्री की प्राथमिकता में है। कोहाड़पीर और कुदेशिया रोड पर अतिक्रमण की जद में आने वाले हिस्से पर लाल निशान लगाए जा चुके हैं। ध्वस्तीकरण की कार्रवाई जारी रहेगी। बुधवार को निर्माण विभाग के सहायक अभियंता और अवर अभियंता ने कोहाड़ापीर से प्रेमनगर सूद धर्मकांटा और कुदेशिया से जीआरएम तक मौका मुआयना किया है। दुकानदारों को अल्टीमेटम दिया गया है कि वो अतिक्रमण खुद तोड़ ले या फिर ध्वस्तीकरण कार्रवाई को तैयार रहे। **-राजीव राठी**, एक्सईएन, निर्माण विभाग

### सिटी स्टेशन रोड पर छोटे वाहन आज से भरेंगे फर्राटा

**बरेली, अमृत विचार:** चौपुला से किला तक लंबे समय से बाधित यातायात पटरी पर लौटने वाला है। गुरुवार से इस मार्ग पर दोपहिया वाहनों और थ्री-व्हीलर (ऑटो-रिक्शा) की आवाजाही आधिकारिक तौर पर शुरू हो जाएगी।

इस फैसले से शहर के मुख्य बाजारों और रेलवे स्टेशन की ओर जाने वाले यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी, जो पिछले कई दिनों से वैकल्पिक लंबे रास्तों से गुजरने को मजबूर थे। पीडब्ल्यूडी के एक्सईएन भगत सिंह ने बताया कि चौपुला से किला तक सीसी रोड का निर्माण पूरा हो चुका है। अब केवल सिटी स्टेशन के बाहर रोड किनारे नाली बनाई जा रही है। बुधवार को यातायात पुलिस से वार्ता के बाद तय हो गया है कि गुरुवार से छोटे वाहनों को गुजरने की अनुमति दी जाएगी। हालांकि, बड़े और भारी वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध जारी रहेगा। ताकि मार्ग पर जाम की स्थिति न बने।

# दोपहर में छा गया अंधेरा, तेज हवा के साथ झमाझम बरसे मेघ

## मौसम बदल रहा रंग-रूप, बारिश के बाद निकल आई धूप, मंडल में बरेली रहा दूसरा सबसे ठंडा जिला, पीलीभीत पहला

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** बरेली में बुधवार को दोपहर में एक दम से छाए अंधेरे के बाद हुई बारिश ने मौसम का मिजाज पूरी तरह बदल दिया। दोपहर के बाद तापमान भी गिरकर 25.1 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 18.1 डिग्री सेल्सियस पर आ पहुंचा। मंडल में बरेली दूसरा सबसे ठंडा जनपद रहा। पीलीभीत सबसे ज्यादा कूल-कूल रहा। यहां अधिकतम तापमान 24.5 न्यूनतम 16.8 डिग्री सेल्सियस रहा।

सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ के कमजोर पड़ने के कारण मौसम का अप्रैल में ऐसा बरताव देखने को मिल रहा। शहर में बुधवार की दोपहर तेज हवाएं चलने लगीं। थोड़ी देर में अंधेरा छा गया। दृश्यता कम होने पर लोगों ने वाहनों की लाइटें जला लीं। घरों और दुकानों में में भी लाइटें जलने लगीं। 30 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे रफ्तार से चल रही हवाओं के साथ झमाझम बारिश होने लगी। घरों से बाहर निकले लोग छुपने की जगह खोजते नजर आए। शहर की सड़कों पर जलभराव ने लोगों को खासा परेशान किया। भीगत बारिश के बाद मौसम इतना ठंडा हो गया कि लोगों को गर्म कपड़ों का सहारा लेना पड़ा। आंचलिक मौसम केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार ने बताया कि पिछले 12 से 14 घंटों में बरेली में 10.3 एमएम बारिश हुई। सुबह साढ़े 8 बजे से पहले 1.5 एमएम और उसके बाद 8.8 एमएम बारिश हुई। उन्होंने बताया कि गुरुवार के बाद मौसम में बदलाव देखने को मिलेगा। गुरुवार को भी बादल छाए रहने की संभावना जताई गई।



बारिश से बचने के लिए स्कूटी पर छाता लगाकर जातीं महिलाएं। ● अमृत विचार



बारिश के बाद मठकी चौकी रोड पर दुकानों के आगे पानी भरने पर स्कूल से घर आने में बच्चों को हुई दिक्कत। ● अमृत विचार

### चोक नाले उफनाए आवाजाही में परेशानी

शहर में बुधवार को आंधे घंटे की बारिश ने नगर निगम की पोल खोल दी। सिटी स्टेशन रोड, सिटी रेलवे स्टेशन, सिटी मलूकपुर रोड के साथ ही पॉश कॉलोनियों में जलभराव की स्थिति रही। स्कूल से घर जाने के लिए बच्चों को बारिश के पानी में होकर गुजरना पड़ा। वहीं, हजियापुर और जगतपुर में जलभराव से स्थिति खराब रही। हाजियापुर में गंदे पानी से होकर लोगों ने एक जनाजे को निकाला। आंधे घंटे की बारिश के चलते गंदगी से पटे नाले उफना गए और गंदा पानी सड़कों पर आ गया।



जलभराव के कारण सुभाषनगर पुलिया के नीचे से लोगों को निकलने में परेशानी से जूझना पड़ा। ● अमृत विचार



बारिश के बाद सिकलापुर होली चौराहे पर काफी देर तक पानी भरा रहा। ● अमृत विचार

# नई औद्योगिक टाउनशिप को 50 फीसदी सीड कैपिटल की मंजूरी

- लखनऊ में प्रमुख सचिव की अध्यक्षता में हुई बैठक में इस फैसले पर लगी मुहर
- दिल्ली हाईवे किनारे 126 हेक्टेयर पर बीडीए बसाएगा नया औद्योगिक हब

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** बरेली के औद्योगिक परिदृश्य को वैश्विक पहचान दिलाने की दिशा में बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। बुधवार को लखनऊ में उत्तर प्रदेश आवास एवं शहरी नियोजन विभाग के प्रमुख सचिव की अध्यक्षता में आयोजित उच्च स्तरीय बैठक में बरेली विकास प्राधिकरण (बीडीए) की प्रस्तावित नई औद्योगिक टाउनशिप को हरी झंडी दे दी गई। मुख्यमंत्री शहरी विस्तारीकरण एवं नए प्रोत्साहन योजना के तहत वित्तीय सहायता प्रदान करने का निर्णय लिया गया। परियोजना के लिए भूमि क्रय करने पर कुल धनराशि का 50 प्रतिशत हिस्सा शासन की ओर से सीड कैपिटल के रूप में उपलब्ध कराया जाएगा।

यह नई औद्योगिक टाउनशिप दिल्ली हाईवे से सटे क्षेत्रों में विकसित होनी है। इसके लिए



तहसील सदर के ग्राम रसूला चौधरी और तहसील मीरगंज के ग्राम भिटौरा नौगंवा उर्फ फतेहगंज पश्चिमी, चिटौली व रहपुरा जागीर की कुल 126.3043 हेक्टेयर भूमि को चिह्नित किया जा चुका है। अधिकारियों का कहना है कि जमीन का अधिग्रहण भू-स्वामियों से आपसी सहमति के आधार पर किया जाएगा, जिसके लिए जिलाधिकारी की अध्यक्षता वाली क्रय निर्धारण समिति पहले ही मुहर लगा चुकी है। बीडीए उपाध्यक्ष डॉ. ए मनिकन्डन ने कहा कि दिल्ली हाईवे पर इस टाउनशिप के विकसित होने से न केवल बड़े निवेश को प्रोत्साहन मिलेगा, बल्कि स्थानीय स्तर पर युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे। यह परियोजना बरेली को एक प्रमुख इंडस्ट्रियल हब के रूप में स्थापित करेगी, जिससे क्षेत्र की आर्थिक गतिविधियों को नई ऊर्जा मिलेगी।

### चीफ प्रॉक्टर का कार्यभार प्रो. इंदीवर सिंह ने संभाला

**बरेली, अमृत विचार:** बरेली कॉलेज में प्रशासनिक बदलाव के तहत चीफ प्रॉक्टर का कार्यभार प्रो. इंदीवर सिंह चौहान को सौंप दिया गया है। पूर्व चीफ प्रॉक्टर प्रो. आलोक खरे ने 30 मार्च को प्राचार्य को अपना त्यागपत्र दे दिया था, जिसे बाद में स्वीकार कर लिया गया। इस दौरान एक पुरानी सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर हुए विवाद के बाद कुछ छात्र संगठनों ने प्रदर्शन किया था। मामले को देखते हुए कॉलेज प्रशासन ने स्थिति संभालते हुए नया दायित्व सौंपने का निर्णय लिया।

# नकटिया नदी को पुनर्जीवित करने की कवायद फिर शुरू

- तीन दिवसीय दौरे पर दिल्ली से आई टीम ने परखी जमीनी हकीकत
- पहले दिन शहर के ड्रेनेज सिस्टम और कचरा प्रबंधन की ली जानकारी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** नकटिया नदी के अस्तित्व को बचाने और इसे स्वच्छ बनाने के लिए केंद्र सरकार ने कड़े कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय के तहत राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन की एक उच्च स्तरीय ''लघु नदी पुनर्जीवन टीम'' तीन दिवसीय दौरे पर बुधवार को यहां पहुंची। पहले दिन टीम ने एनएमसीजी की परियोजना अधिकारी डॉ. कृति वर्मा और विशेषज्ञ हरीश कुमार महावर के साथ नकटिया नदी का निरीक्षण किया और उन संवेदनशील बिंदुओं



नकटिया नदी के आसपास की स्थिति का जायजा लेती टीम। ● अमृत विचार

को चिह्नित किया, जहां से शहरी नालों का गंदा पानी सीधे गिर रहा है और उससे नदी का जल पूरी तरह दूषित हो चुका है।

टीम को मुख्य उद्देश्य नकटिया नदी में बढ़ते प्रदूषण, अवैध अतिक्रमण और नदी के समग्र स्वास्थ्य की गंभीर स्थिति का सटीक आकलन करना है। निरीक्षण के दौरान नगर निगम के अधिकारियों के साथ जिला प्रशासन की टीम भी मुस्तैद रही, ताकि विशेषज्ञों को जमीनी स्थिति की सटीक जानकारी मिल सके। जिलाधिकारी अविनाश सिंह की ओर से नामित नोडल अधिकारी अधिशासी अभियंता (बाढ़ खंड) ने टीम के साथ समन्वय स्थापित किया, वहीं नगर निगम और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों ने नदी के किनारों पर हुए अतिक्रमण और कचरा निस्तारण की व्यवस्थाओं का ब्यौरा साझा किया। विशेषज्ञों ने नदी के विभिन्न स्थलों से नमूने एकत्र किए और तकनीकी पहलुओं पर चर्चा की, जिससे इसके पुनर्जीवन के लिए ठोस कार्ययोजना तैयार की जा सके। प्रशासन का मानना है कि इस सर्वेक्षण के बाद नकटिया नदी के संरक्षण के लिए बड़े बजट और परियोजनाओं का रास्ता साफ होगा, जिससे नदी का पारिस्थितिक तंत्र बहाल होगा।

# नगर निगम : 53 करोड़ की विकास परियोजनाओं को मिलेगी हरी झंडी

- शहर के अधूरे प्रोजेक्ट को लेकर मेयर की अध्यक्षता में कल बैठक

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** शहर को आधुनिक और सुविधाओं से लैस बनाने की दिशा में नगर निगम ने बड़ा कदम उठाया है। समग्र विकास की कार्ययोजना को अमलीजामा पहनाने के लिए 10 अप्रैल को मेयर डॉ. उमेश गौतम की अध्यक्षता में बैठक होगी। इसमें 53 करोड़ की विकास परियोजनाओं को हरी झंडी दी जाएगी। नगर निगम ने इस बजट का खाका तैयार कर लिया है, जिसे निर्माण, जलकल और स्वास्थ्य जैसे प्रमुख विभागों में हस्तांतरित किया जाएगा, ताकि लंबित और नई परियोजनाओं को गति मिल सके।

योजना के तहत वित्तीय संसाधनों का बंटवारा दो मुख्य मदों में किया गया है। 15 वें वित्त आयोग से प्राप्त 15 करोड़ व अवस्थापना निधि के 38 करोड़ रुपये को विकास कार्यों के लिए आवंटित किया गया है। अधिकारियों के मुताबिक, इस धनराशि का बड़ा हिस्सा शहर की आधारभूत संरचना को मजबूत करने में लगेगा।

**फटकार** | भोजीपुर में सीडीओ ने हॉस्टल का किया निरीक्षण, बाथरूम में शीशा तो किचन में पावर प्वाइंट नहीं

# ट्रांजिट हॉस्टल की खराब स्थिति देख चढ़ा पारा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** भोजीपुरा के गोपालपुर अजीजपुर स्थित जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय में नवनिर्मित ट्रांजिट हॉस्टल का निरीक्षण करने पहुंचीं सीडीओ ने कार्यदायी संस्था यूपी सिडको की कार्यप्रणाली पर नाराजगी व्यक्त की। सरकारी धन के उपयोग के बावजूद हॉस्टल में बुनियादी सुविधाओं की कमी देख दो टूक कहा कि गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। जो कमियां मिली हैं, उसमें तत्काल सुधारा कराएं।



अधिकारियों के साथ निरीक्षण करतीं सीडीओ देवयानी। ● अमृत विचार

सीडीओ देवयानी उस समय बिफर गईं जब उन्होंने करोड़ों की लागत से बने हॉस्टल के बाथरूमों में शीशे तक गायब पाए। कार्यदायी संस्था यूपी सिडको के अधिशासी अभियंता को फटकार लगाते हुए उन्होंने तत्काल सभी तलों के बाथरूम में शीशे लगवाने के निर्देश दिए। सीडीओ ने किचन में बिजली के दो अतिरिक्त पावर और बाथरूम में गीजर के लिए प्वाइंट न होने पर अधिकारियों को आड़े हाथों लिया। ट्रांजिट हॉस्टल में सबमर्सिबल की व्यवस्था न होना भी अधिकारियों की अदूरदर्शिता को उजागर कर गया, जिसे लेकर सीडीओ ने चेतावनी दी। हॉस्टल में अग्निशमन यंत्र लगे थे, लेकिन स्टाफ उन्हें चलाने में सक्षम है या नहीं, इस पर उन्होंने विद्यालय प्रशासन की जवाबदेही तय की। प्रधानाचार्य को निर्देश दिए कि सीएफओ के माध्यम से स्टाफ को ट्रेनिंग दिलाई जाए। पीडब्ल्यूडी प्रांतीय खंड के एक्सईएन भगत सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी सुधांशु शेखर, जेई वैभव वाजपेयी मौजूद रहे।

## सिटी ब्रीफ

### अवैध असलाह रखने वाले दो लोग गिरफ्तार

बरेली/नवाबगंज, अमृत विचार : पिछले दो दिनों में चार आरोपियों को गिरफ्तार करने के बाद बुधवार को पुलिस ने दो और लोगों को अवैध तमंचे और जिंदा कारतूस के साथ दबोच लिया। हल्का दरोगा योगेंद्र कुमार ने बीती रात बरखन-खतौआ मार्ग पर दबिश देकर गांव बरखन निवासी शहादत पुत्र बाबू बख्श को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान उसके पास से 315 बोर का तमंचाऔर एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पुलिस को गांव मोहम्मदपुर निवासी अलीम अहमद पुत्र जमील अहमद के पास से 315 बोर का तमंचा और एक जिंदा कारतूस मिला।

### दहेज के लिए उत्पीड़न आरोपियों पर रिपोर्ट

बरेली, अमृत विचार : दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर विवाहिता के साथ मारपीट करके प्रताड़ित किया गया। महिला ने ससुर और देवर पर भी आरोप लगाए। एसएसपी के आदेश पर बारादरी पुलिस ने पति समेत 6 लोगों पर रिपोर्ट दर्ज की है। बारादरी थाना क्षेत्र की महिला ने बताया कि उसकी शादी 17 नवंबर 2020 को बारादरी क्षेत्र के रहने वाले एक युवक से हुई थी। बाइक के लिए उसके गाली गलौज करके मारपीट की जाती थी। ससुरालियों के उत्पीड़न से परेशान होकर उसकी मां ने 50 हजार रुपये उधार लेकर पति को दिए और कहा कि बाकी पैसे अपने पास से डाल लेना। पति ने 50 हजार रुपये की और मांग की। बाहर के लड़कों से संबंध का दबाव बनाया। महिला ने इंकार किया तो मारपीट की। एक दिन देवर ने छेड़छाड़ की। पति और ससुरालियों से शिकायत करने पर उसके साथ मारपीट की गई। महिला ने ससुर और अन्य ससुरालियों पर भी आरोप लगाए।

### सास को पीटा, दामाद को हिरासत में लिया

बरेली/फरीदपुर,अमृत विचार : बेटी के ससुराल आई मां के साथ दामाद ने अपने परिवार के साथ मिलकर मारपीट की। इससे महिला घायल हो गई। उसे बचाने आई बेटी को भी बेरहमी से पीटा गया। फरीदपुर थाना क्षेत्र के ग्राम टांडा सिकंदरपुर में सुमित के साथ सरला का विवाह 4 वर्ष पहले निगोही जिला शाहजहांपुर निवासी से हुआ था। सरला के पिता की कुछ दिन पहले मौत हो गई थी। पिता की अंत्येष्टि में शामिल होने की गई सरला मायके में कुछ दिन रुक गई। मंगलवार को मायके से ससुराल आने पर पति ने सरला के साथ बेरहमी से मारपीट की। बेटी का हाल जानने पहुंची राम बेटी को भी दामाद सुमित ने पीट कर घायल कर दिया। मां बेटी थाना फरीदपुर पहुंची और पुलिस को घटना के बारे में जानकारी दी। पुलिस ने सुमित तत्काल हिरासत में लेकर कार्यवाही शुरू कर दी समाचार लिखे जाने तक थाने के बाहर दोनों पक्ष में समझौते का प्रयास चल रहा था।

### रात में किसान का 50 क्विंटल गन्ना चोरी

बरेली/नवाबगंज, अमृत विचार : क्षेत्र के गांव ढिरिया सैदपुर में चोरों ने एक किसान को बड़ा नुकसान पहुंचा दिया। खेत में छिलवाकर रखा गया गन्ना रातों-रात गायब कर दिया गया, जिससे किसान परेशान है। गांव निवासी किसान भूपराम गंगवार ने दो दिन पहले अपने खेत में खड़े गन्ने को छिलवाया था। वह गन्ना भरकर बेचने की तैयारी में थे। इसी बीच सोमवार की रात अज्ञात चोर खेत में रखा करीब 40 से 50 कुंतल गन्ना उठा ले गए। मंगलवार सुबह जब किसान खेत पर पहुंचे तो गन्ना गायब देखकर उनके होश उड़ गए।

# जहां चोरियां ज्यादा, वहां नाइट विजन कैमरे लगवाएं

- जल जीवन मिशन योजना के सोलर पैनलों की सुरक्षा को लेकर डीएम ने दिए निर्देश



कलेक्ट्रेट सभागार में जल जीवन मिशन योजना के संबंध में बैठक करते डीएम अविनाश सिंह। ● अमृत विचार

**बरेली, अमृत विचार:** जल जीवन मिशन योजना के अन्तर्गत संचालित योजनाओं में सोलर पैनल को जोड़ने वाली कॉपर की केबल चोरी हो रही हैं। चोरियों पर अंकुश लगाने के लिए बुधवार शाम डीएम ने पुलिस अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। डीएम ने कहा कि जहां ज्यादा चोरियां हो रही हैं, वहां पर नाइट विजन वाले सीसीटीवी कैमरे लगवाएं।

बैठक में जल जीवन मिशन के अधिशासी अभियंता ने बताया कि कॉपर की केबल के साथ सोलर पैनल की भी चोरी हो रही हैं। ग्राम पुरनापुर, नत्थू रामपुर आदि में ज्यादा चोरियां हुई हैं, जिस कारण आपरेशन एंड मेन्टीनेंस वाले प्रोजेक्ट में वाटर सप्लाई प्रभावित हो रही है।

डीएम अविनाश सिंह ने निर्देश दिये कि जहां ज्यादा चोरी की शिकायतें मिल रही हैं, वहां नाइट विजन वाले कैमरे लगवाएं। साथ ही वहां के चौकीदारों का पुलिस सत्यापन कराएं। समय-समय पर निरीक्षण भी करें। बैठक में बताया गया कि मनौना धाम में हुई चोरी के आरोपियों को पकड़ लिया है। चोरी की 15 एफआईआर विभिन्न थानों में दर्ज कराई जा चुकी हैं। बैठक में पुलिस अधीक्षक नगर मानुष पारिक, पुलिस अधीक्षक दक्षिण मुकेश चन्द्र मिश्र, अधिशासी अभियंता कुमकुम गंगवार, एजेंसी के प्रतिनिधि सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# महिलाओं से छेड़छाड़, 15 पर रिपोर्ट

- कर्ज चुकाने के बाद भी रद नहीं किया एग्रीमेंट, जबरन कराया बैनामा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** सूदखोरों ने ब्याज पर रुपये देने के बाद एग्रीमेंट करा लिया। पैसे चुकाने के बाद आरोपियों ने एग्रीमेंट निरस्त नहीं किया और मकान पर कब्जा कर लिया। विरोध करने पर महिलाओं के साथ छेड़छाड़ की गई। कोर्ट के आदेश पर बारादरी पुलिस ने 15 लोगों पर रिपोर्ट दर्ज की है।

बारादरी थाना क्षेत्र के डोहरा गौटिया निवासी एक युवक ने बताया कि धर्मवीर पटेल निवासी डोहरिया थाना बिथरी चैनपुर ने उसे बताया कि उसका दोस्त संतोष कुमार पटेल ब्याज पर पैसा देता है। एग्रीमेंट पर कर्ज देने की सहमति बनी। उसके बाद धर्मवीर और संतोष पटेल ने मकान का एग्रीमेंट कराकर पैसे ऑनलाइन दे दिए। उसने एग्रीमेंट की समय सीमा के अनुसार पैसे चुका दिए। एग्रीमेंट खारिज करने को कहा तो आरोपियों ने 3 प्रतिशत की जगह 10 प्रतिशत ब्याज के हिसाब से रुपये मांगे। कहा कि पैसे नहीं दोगे तो एग्रीमेंट खारिज नहीं करेंगे और कोर्ट से बैनामा करा लेंगे। उसके बाद जान से मारने की धमकी देकर बैनामा करा लिया। 23 अगस्त 2025 को आरोपी मकान में असलाह और लाठी डंडे लेकर घुस आए और सामान फेंक दिया। कोर्ट के आदेश पर बारादरी पुलिस ने धर्मवीर सिंह पटेल, संतोष कुमार, राजेन्द्र, उर्मिला, संतोष की पत्नी और 10 अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज की है।

### बालिका से छेड़खानी, विरोध करने पर धमकाया

बरेली, अमृत विचार : युवक ने 11 साल की बालिका से छेड़छाड़ की। विरोध करने पर उसके परिजनों ने गाली गलौज करके जान से मारने की धमकी दी। एसएसपी के आदेश पर सीबीगंज पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। सीबीगंज थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला ने बताया कि पडोस में रहने वाला सुभान 30 मार्च की रात उसकी 11 साल की बेटी का हाथ पकड़कर अपने घर में खीचने लगा। विरोध करने पर पड़ोस में रहने वाला आरिफ और उसके परिवार के लोग आ गए। आरिफ ने डायल 112 पर कॉल करके पुलिस को सूचना दी। पुलिस के आने से पहले आरोपी फरार हो गए।


# युवक की हत्या, बंद रेलवे क्वार्टर में मिला शव

## चेहरे, माथे, गले पर चोटों के निशान, तीन दोस्तों पर हत्या का शक, भाई की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** ब्यूटी पार्लर पर काम करने वाले युवक का शव बंद पड़े रेलवे क्वार्टर में मिला। उसके चेहरे, माथे, गले पर चोटों के निशान हैं। होठ भी फटा है। पीटकर हत्या की आशंका जताई गयी है। मंगलवार को वह अपने तीन दोस्तों के साथ था। पुलिस ने उन्हीं दोस्तों के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

बुधवार सुबह करीब 10 बजे सिटी स्टेशन के पास बंद रेलवे क्वार्टर में एक युवक का शव मिलने पर कोतवाली पुलिस पहुंची। आसपास के लोगों से शव की शिनाख्त के प्रयास किए। काफी देर तक पहचान नहीं हुई।



दोपहर के बाद युवक की पहचान अमन रजा के रूप में हुई। किला थाना क्षेत्र के मलूकपुर जुग्गन वाली गली निवासी मो. शकील ने बताया कि उसकी 24 वर्षीय भाई अमन से मंगलवार की शाम 7 बजकर 14 मिनट पर बात हुई थी। उसने बताया कि वह सिटी पर है थोड़ी देर में घर आ जाएगा। उसके बाद परिजनों ने रात 11 बजे फोन किया तो मोबाइल बंद आ रहा था। पूरी रात वह घर पर नहीं आया तो परिजनों को चिंता हुई। उसकी तलाश की गई, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा।

- तीनों दोस्तों ने अलग-अलग बात बताई, मंगलवार की शाम भाई से फोन पर हुई थी बात

शकील ने बताया कि बुधवार की सुबह अमन के दोस्तों हिमांशु, नितिन और हैदर से फोन पर बात की। हिमांशु ने बताया कि नितिन, अमन और हैदर उसके घर पर आए थे। थोड़ी देर बाद तीनों चले गए। नितिन ने बताया कि हैदर और अमन को ईंट पजाया चौराहे पर छोड़ दिया था। वहीं हैदर ने बताया कि अमन को शहामतगंज चौराहे पर छोड़ दिया था। दोपहर में परिजन शहर कोतवाली पहुंचे। वहां बताया कि गया कि सिटी स्टेशन के पास युवक की लाश मिली है। परिजन मौके पर पहुंचे तो पता लगा शव अमन रजा का है। कोतवाली इंस्पेक्टर धनंजय पांडे ने बताया कि परिजनों की तहरीर के आधार पर तीनों दोस्तों के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत की वजह स्पष्ट हो सकेगी जिसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### दुर्गंध आने पर पुलिस को दी सूचना

सिटी स्टेशन के क्वार्टर नंबर टी-16 में काफी समय से ताला पड़ा था। बुधवार दोपहर सेक्शन इंजीनियर संजीव कुमार भारती ने दुर्गंध आने पर जानकारी कोतवाली पुलिस को दी। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और क्वार्टर खुलवाकर अंदर देखा तो युवक का शव पड़ा था। चेहरे पर चोट के निशान थे और खून निकल रहा था। इंस्पेक्टर जीआरपी बरेली सिटी मौके पर पहुंच गए, लेकिन घटना स्थल सिविल क्षेत्र में होने के चलते शव सिविल पुलिस को सौंप दिया। इसके बाद कोतवाली के अपराध निरीक्षक आदेश कुमार, बिहारीपुर चौकी प्रभारी शिवम और फील्ड यूनिट की टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है।


# मुकदमे में फैसले का बनाया दबाव, महिला को दी धमकी

- किला पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ दर्ज की रिपोर्ट

**बरेली, अमृत विचार:** मुकदमे में फैसला करने का दबाव बनाकर दबंगों ने एक महिला को जान से मारने की धमकी दी। किला पुलिस ने तीन लोगों पर रिपोर्ट दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है।

किला थाना क्षेत्र के हुसैनबाग बाकरगंज निवासी हाशमीन ने बताया कि मो. मिया उर्फ राजा, मुजम्मिल मियां और हसीन मियां ने उसकी जमीन पर कब्जा करके रंगदारी मांगी थी जिसका मुकदमा 2022 में दर्ज कराया गया था। एक आरोपी मो. मिया जेल भेजा गया था। महिला के अनुसार न्यायालय जमानत मंजूर कर कुछ शर्त लगाई थीं कि अविधिक क्रिया कलाप और समान अपराध नहीं करके साक्ष्य से छेड़छाड़ नहीं करेगा। उसकी संपत्ति से 100 मीटर क्षेत्र में प्रवेश नहीं करेगा। आरोप है कि मो. मिया ने अपने भाई मुजम्मिल मियां, हसीन मियां और दो गवाहों के साथ उसकी कृषि भूमि को फर्जी इकरारनामा करके कूटरचित दस्तावेज तैयार करके सब रजिस्ट्रार कार्यालय प्रथम में पंजीकृत कराया था। जिसकी रिपोर्ट किला थाने में दर्ज कराई गई थी। महिला ने बताया कि दोनों मुकदमों में उसकी गवाही होनी है। आरोपी उसकी जान के दुश्मन बन गए है। 5 अप्रैल को वह आरोपियों ने उसे गालियां देकर फैसला करने का दबाव बनाया और जान से मारने की धमकी दी। एसएसपी के आदेश पर किला पुलिस ने मो. मिया उर्फ राजा, मुजम्मिल मियां और हसीन मियां के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके मामले की जांच शुरु कर दी है।





### कंबल में दिखे यात्री

मौसम लगातार बदल रहा है। गर्मी के बीच बारिश ने एक बार फिर ठंड का एहसास करा दिया। बुधवार देर शाम सेटेलाइट बस अड्डे पर कई यात्री कंबल में दिखे। पिछले दो-तीन दिनों से रुक-रुकर बारिश हो रही है। इस वजह से रात में ठंडक हो रही है।

● फोटो एवं विवरण : हरदीप सिंह टोनी

# तेज रफ्तार पिकअप की टक्कर से चौकीदार की मौत

- गोदाम पर ड्यूटी कर साइकिल से घर आ रहे थे चंद्रपाल
- झुमका तिराहे के पास हादसा, सीमा विवाद में उलझी दो थानों की पुलिस

संवाददाता, सीबीगंज

**अमृत विचार :** तेज रफ्तार पिकअप ने कार शोरूम गोदाम में ड्यूटी कर साइकिल से घर लौट रहे चौकीदार को टक्कर मार दी। हादसे में चौकीदार की मौत हो गई। दुर्घटना के बाद सीबीगंज और फतेहगंज पश्चिमी पुलिस सीमा विवाद में उलझी रही। बाद में सीबीगंज पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा।



चंद्रपाल।

फतेहगंज पश्चिमी के गांव धनतिया निवासी चंद्रपाल गंगवार (70) सोमवार को परसाखेड़ा में एक कार शोरूम गोदाम में ड्यूटी कर साइकिल से घर लौट रहे थे। वह झुमका तिराहे को पार कर रहे थे, तभी बिलवा की तरफ से तेज गति से जा मुर्गियों से भरी पिकअप ने उन्हें कुचल दिया। वहीं, पिकअप परसाखेड़ा की तरफ आ रहे एक फैक्ट्री के ट्रक में पलट कर जा टकराई। हादसे में चंद्रपाल की मौके पर ही सांसें थम गईं। पिकअप को पुलिस ने कब्जे में ले लिया।

पिकअप पलटने से उसमें भरी काफी संख्या में मुर्गियों की भी मौत हो गई। पुलिस ने शव जिला अस्पताल की मोर्चरी में भिजवा दिया। मृतक के परिवार में एक पुत्र हरेंद्र गंगवार, पुत्री सोनिया व पत्नी सावित्री देवी हैं। बेटा विवाहित व बेटी अविवाहित है। घटना के बाद परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

### घायल ताहिर की मौत, सदमे में परिजन

बरेली/बिशारतगंज : पानीपत मे हुए सड़क हादसे की मृतका के पिता की भी मौत हो गई। ईद के मौके पर पानीपत में कपड़ा की फैक्ट्री में काम कर रहे बिशारतगंज के कुछ लोग घर आने को वहां से वैन में चले थे सड़क दुर्घटना में ईको वैन में आग लग गई जिसमें सवार बिशारतगंज के वार्ड नंबर 10 के रहने वाले ताहिर मियां की पुत्री निशि की मौके पर ही जलकर मृत्यु हो गई थी जबकि ताहिर मियां और कस्बा के वार्ड 11के रहने वाले अकील की पत्नी कैसर घायल हो गए थे जिन्हें बरेली के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया था सोमवार को ताहिर की हालत बिगड़ने पर उन्हें दिल्ली रेफर कर दिया। मंगलवार की रात ताहिर( 38) की भी मौत हो गई। डेढ़ माह के अंतराल पर दो मौत होने से परिवार वालों का रो-रो कर बुरा हाल है।

### बाइकों की आमने-सामने टक्कर, युवक की मौत

**मीरगंज, अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के हुरहुरी रोड पर दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर में एक युवक घायल हो गया। राहगीरों ने उसे सीएचसी भिजवाया वहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत से परिवार में मातम छा गया है। बुधवार शाम गांव मासीहाबाद निवासी अतिराज सिंह (35) बाइक से मीरगंज जा रहे थे। हुरहुरी रोड पर बारात घर के सामने से आ रही दूसरी बाइक से उनकी जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर के बाद अतिराज सिंह गंभीर रूप से घायल हो गये। लोगों ने घायल अतिराज सिंह को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसकी सूचना मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया।

### सड़क हादसे में अधेड़ की जान गई

बरेली/मीरगंज, अमृत विचार : शाम एक सड़क हादसे में बाइक सवार महिला की मौत हो गई। महिला अपने बेटे के साथ मायके जा रही थी, तभी रास्ते में ट्रैक्टर की टक्कर लगने से वह सड़क पर गिर गई और मौके पर ही दम तोड़ दिया। सूचना मिलने पर परिजन और पुलिस मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। रामवती (55) निवासी बिजोरी बिसौली, बेटे देशराज के साथ बाइक से अपने मायके थाना मीरगंज के गांव समसपुर जा रही थीं। समसपुर से पहले सामने से आ रहे ट्रैक्टर से उनकी बाइक की टक्कर हो गई। टक्कर लगने से रामवती ट्रैक्टर की साइड में गिर गईं, जिससे उनके सिर और गले में गंभीर चोटें आईं। घटना की सूचना मिलते ही समसपुर प्रधान आनंद मोहन उर्फ गुड्डू वर्मा सहित पुलिस मौके पर पहुंचे। महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### हादसे में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

बरेली/भोजीपुरा, अमृत विचार : सड़क हादसे में घायल गांव पीपलसाना चौधरी निवासी विनोद कश्यप की इलाज के दौरान मौत हो गई। जानकारी के अनुसार प्राइवेट नौकरी करने वाले विनोद 26 मार्च की शाम ड्यूटी से घर लौट रहे थे तभी भोजीपुरा ओवर ब्रिज के पास तेज रफ्तार बाइक ने उनको टक्कर मार दी। उन्हें तत्काल निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, मंगलवार की रात उनकी सांसें थम गईं।

# आईजीआरएस में बरेली जोन प्रदेश में नंबर वन

- 84 थानों को भी संयुक्त रूप से मिला प्रथम स्थान

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** जनसुनवाई समाधान प्रणाली (आईजीआरएस) में शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण पर मार्च माह में बरेली जोन ने प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया। परिक्षेत्र के जनपद बरेली, बदायूं, शाहजहांपुर व पीलीभीत को संयुक्त रूप से प्रथम स्थान मिला है। साथ ही 84 थानों ने भी संयुक्त रूप से प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

डीआईजी अजय कुमार साहनी के निर्देशन में बरेली जोन ने प्रदेश में यह उपलब्धि हासिल की है। प्रथम आने वाले बरेली के 28 थानों में अलीगंज, महिला थाना, सुभाषनगर, फतेहगंज पश्चिमी, किला, शेरगढ़, सीबीगंज, बिशारतगंज, शाही, बारादरी, इज्जतनगर, देवरनियां, भुता, हाफिजगंज, भोजीपुरा, बहेड़ी, मीरगंज, नवाबगंज, आंवला, भमोरा, शीशगढ़, प्रेमनगर, कोतवाली, सिरौली, बिथरी चैनपुर, फरीदपुर, कैन्ट, फतेहगंज पूर्वी शामिल है। इसके अलावा जनपद बदायूं के 20 थानों में कुवरगांव, महिला थाना, बिनावर, जरीफनगर, अलापुर, सहसवान, इस्लामनगर, दातागंज,मुजरिया, बिल्सी, बिसौली, उझानी, उसावां, कादरचौक, उघैती, उसैहत, मूसाझाग, हजरतपुर, कोतवाली, सिविल लाइंस शामिल है। पीलीभीत के सभी 17 थानों में महिला थाना, माधोटांडा, बरखेड़ा, करेली, कोतवाली, हजारा, जहानाबाद, सेहरामऊ उत्तरी, दियोरिया कलां, घुंघचाई, न्यूरिया, पूरनपुर, गजरौला, बीसलपुर,सुनगढी, अमरिया, बिलसंडा शामिल है। शाहजहांपुर के 19 थानों में महिला थाना, रामचंद्रमिशन, सिंधौली, कोतवाली, परौर, बंडा, जलालाबाद, कलान, सेहरामऊ दक्षिणी, रोजा, मदनापुर, निगोही, मिर्जापुर, कांट, सदर बाजार, गढ़िया रंगीन, जैतीपुर, कटरा, खुदागंज शामिल है।

# पत्नी के घर की बिजली कटवायी, कोर्ट ने दिया जुड़वाने का आदेश

**विधि संवाददाता, बरेली, अमृत विचार :** पत्नी ने पति पर मकान की बिजली कटवाने और मीटर उखाड़ कर ले जाने का आरोप लगाया है। अदालत से बिजली जुड़वाने व मकान किसी को न बेचने देने का आदेश दिए जाने की गुहार लगायी है। अदालत ने पति को तत्काल पत्नी को बिजली सुविधा दिलाए जाने व अस्थायी रूप से पत्नी व उसके बच्चों को आवास सुविधा से वंचित न करने का आदेश दिया है।

वादिनी सुमन के वकील विवेक कुमार सागर ने अदालत में अर्जी देकर बताया कि सुमन वर्तमान में थाना इज्जतनगर स्थित कालोनी में रहती हैं। पति हरवेन्द्र कुमार सिंह अपने माता-पिता, भाई के साथ इसी कॉलोनी में दूसरे मकान में रहते हैं।

आरोप है कि पति उसे व बच्चों को घरेलू हिंसा का वाद दायर करने के कारण बेदखल करने के लिए मकान को दो तीन दिन में किसी अन्य व्यक्ति को बेच देगा, बिजली भी काट दी है।

# नत्थू को ले गई गुरुग्राम पुलिस प्रिंस के ठीक होने का इंतजार

- मनोज और पूजा बच्चों के साथ अभी हैं अस्पताल में

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** ऑटो चालक और उसके बच्चों के अपहरण की साजिश रचने वाले नत्थू को हरियाणा पुलिस बुधवार को गुरु ग्राम लेकर रवाना हो गई। वहीं प्रिंस का निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। मनोज व पूजा बच्चों के साथ अभी अस्पताल में हैं। बच्चों के पूरी तरह से ठीक होने बाद वे गुरुग्राम जाकर बयान दर्ज कराएंगे।

सीबीगंज थाना क्षेत्र के परधौली बड़ा बाईपास हाईवे पर रविवार शाम को 4 बजे तेज रफ्तार बोलेरो सड़क किनारे खड़े टैंकर में जा घुसी थी। हादसे में बोलेरो सवार तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि, चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतकों की शिनाख्त पुलिस ने फरीदपुर के टांडा निवासी मनमोहन, पीलीभीत निवासी सिकंदर व रामपुर के बिलासपुर निवासी विशेष के रूप में हुई थी। इनमें से प्रिंस घायल हुआ था। कार में दो बच्चे भी सवार थे, जो घायल थे। पुलिस की जांच में सामने आया कि हादस में मारे गए लोगों ने दोनों बच्चों को उनके पिता मनोज को चार अप्रैल को गुरुग्राम से अपहरण करके लाए थे। पिता मनोज को फरीदपुर में मनमोहन ने अपने घर में बंधक बनाकर रखा था। दोनों बच्चों मयूर और लक्ष्य को वापस गुरुग्राम छोड़ने जा रहे थे, तभी हादसा हो गया। अपहरण में मनमोहन के पिता नत्थू का भी हाथ था। पुलिस ने सोमवार को नत्थू को हिरासत में लिया था। उसके बाद गुरुग्राम पुलिस को सूचना दी गई थी। बुधवार को गुरुग्राम पुलिस नत्थू को लेकर ले गई। सीबीगंज इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि डाक्टरों ने अभी प्रिंस ही हालत में सुधार नहीं बताया है। उसका निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। हालत में सुधार होने के बाद पुलिस उसे भी गुरुग्राम ले जाएगी।

# हवाई फायरिंग कर वीडियो बनाने वाला गिरफ्तार

- पुलिस तमंचा नहीं कर सकी बरामद, आरोपी रेस्टोरेंट का है संचालक

**बरेली/भोजीपुरा, अमृत विचार :** बड़े बाईपास स्थित एक रेस्टोरेंट के मालिक का तमंचे से हवाई फायरिंग करते हुए एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेकर रेस्टोरेंट मालिक को गिरफ्तार कर लिया है, लेकिन पुलिस तमंचा बरामद नहीं कर सकी। पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को छह वर्ष पुराना वीडियो बताया है।

रेस्टोरेंट स्वामी कार्तिक शर्मा का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। जिसमें वह तमंचे से हवाई फायरिंग करते हुए दिखाई पड़ रहा है। एस आई पुष्पेन्द्र सिंह ने बुधवार को कार्तिक शर्मा को उनके रेस्टोरेंट से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ने वीडियो पुराना होने की बात कही है। फिलहाल, पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# दुष्कर्म के आरोपी की जमानत अर्जी खारिज

विधि संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** नाबालिग लड़की संग दुष्कर्म कर वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने के आरोपी संभल थाना के बनियाठेर क्षेत्र निवासी सद्दाम हुसैन की जमानत अर्जी स्पेशल जज पॉक्सो एक्ट कोर्ट-1 हेमेन्द्र कुमार सिंह ने खारिज कर दी।

सरकारी वकील सरनाम सिंह ने बताया कि पीड़िता ने थाना आंवला में तहरीर देकर बताया कि उसकी बड़ी बहन का रिश्ता सद्दाम के साथ करीब साढ़े चार वर्ष पहले तय हुआ था। रिश्ता तय होने के बाद सद्दाम ने साली का रिश्ता बनाकर बातों में फंसा लिया। सद्दाम आये दिन बड़ी बहन व उससे फोन पर बात करता था। उन्हीं दिनों जून 2021 में वह आंवला में उसके घर आया। घर पर उसके अलावा कोई नहीं था। उसने उसे घर में दबोच लिया और दुष्कर्म किया। कैमरे से कुछ फोटो व वीडियो भी बना लिये। पिता ने करीब एक वर्ष पूर्व बहन की शादी दूसरी जगह कर दी।

### दुष्कर्म, धर्म परिवर्तन कराने के आरोपी की जमानत अर्जी खारिज

विधि संवाददाता, बरेली, अमृत विचार : महिला संग बलात्कार कर धर्म परिवर्तन के आरोपी थाना इज्जतनगर के फरीदापुर चौधरी निवासी आनन्द उर्फ इकरार खां की जमानत अर्जी अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/त्वरित न्यायालय राघवेन्द्र मणि ने खारिज कर दी। सरकारी वकील संतोष श्रीवास्तव ने बताया कि पीड़िता की बहन ने थाना सीबीगंज में तहरीर देकर बताया था कि उसकी बहन के पति की मृत्यु हो चुकी है। 6-7 माह से बहन के घर एक युवक का आना-जाना था, उसने अपना नाम आनन्द बताया था। 18 दिसम्बर 2025 को मैं अपने घर पर अकेली थी और आनन्द जबरन घर में घुस आया। चाकू दिखाकर धमकाया व हत्या की धमकी दी। मेरे कुछ आपत्तिजनक फोटो खींच लिए। पति दिल्ली में रहकर काम करते हैं, इसलिए लोक-लाज के भय से किसी को कुछ नहीं बताया।

## सिटी ब्रीफ

### बूथ स्तर पर संगठन की मजबूती पर दिया जोर

बरेली, अमृत विचार : अमृत विचार : अपना दल (सोनेलाल) बरेली इकाई की मासिक समीक्षा बैठक मंगलवार को डीडीपुरम स्थित नगर कार्यालय में जिलाध्यक्ष एडवोकेट अनुज कुमार गंगवार की अध्यक्षता में हुई। मुख्य अतिथि किसान मंच के राष्ट्रीय सचिव सतीश गंगवार ने कहा कि मजबूत संगठन ही राजनीतिक सफलता की आधारशिला है। विधानसभा अध्यक्षों ने सुझाव दिया कि जिले की समीक्षा बैठकों को अब क्रमवार सभी विधानसभाओं में आयोजित किया जाए, ताकि जमीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं की भागीदारी बढ़ सके। जिला मीडिया सचिव इंजी. निशांत सक्सेना आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

### 11 वें मैच में एसआरएमएस किंग्स की जीत

बरेली, अमृत विचार : श्रीराम मूर्ति मेमोरियल टी-20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन-6 में बुधवार को 10 वां मैच बारिश के कारण रद्द करना पड़ा। 11वें मुकाबले में एसआरएमएस किंग्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की। एसआरएमएस क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए 10 वें मैच में आईके नेक्स्ट जनरेशन और तेजस्वी स्पोर्ट्स मेरठ के बीच मुकाबला चल रहा था, लेकिन 13वें ओवर में तेज आंधी और बारिश के कारण खेल रोकना पड़ा। उस समय आईके नेक्स्ट जनरेशन ने 4 विकेट पर 138 रन बना लिए थे। मैच रद्द कर दोनों टीमों को एक-एक अंक दे दिया गया।

### सब्जियों के मिल रहे किसानों को अच्छे दाम

बरेली, अमृत विचार : मंडी में सब्जियों के बेहतर दाम मिलने से किसानों को राहत है। मंडी में टमाटर करीब 1700 प्रति क्विंटल तक बिक रहा है। हरी मिर्च 25 सौ रुपये प्रति क्विंटल में बिक रही है। फरीदपुर क्षेत्र के किसान श्यामपाल गंगवार ने बताया कि इस बार सब्जियों का भाव अच्छा मिल रहा है। पिछले साल के मुकाबले करीब 200-300 रुपये ज्यादा मिल रहे हैं, जिससे लागत निकालने के साथ कुछ बचत भी हो रही है। नवाबगंज के किसान शकील अहमद ने बताया कि टमाटर और सब्जियों के दाम बेहतर मिलने से हमारी आमदनी बढ़ी है। बुधवार को मंडी में प्याज एक हजार रुपये, बैंगन 12 सौ, लौकी आठ सौ रुपये प्रति क्विंटल बिकी। मंडी के आढ़ती मुकेश गुप्ता ने बताया कि इस समय बाजार में मांग और आपूर्ति का संतुलन बना हुआ है, जिससे दाम स्थिर हैं।

# बहेड़ी-कताई मिल फोरलेन योजना को मंजूरी का इंतजार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- एक्सईएन बोले-केंद्र के निर्देश पर भेजा था प्रस्ताव, स्वीकृति मिले तो शुरू हो काम

अमृत विचारः क्षेत्र के विकास में मील का पत्थर साबित होने वाली बहेड़ी से कताई मिल तक सड़क फोरलेन परियोजना फिलहाल बजट की फाइलों में दबकर रह गई है। पीडब्ल्यूडी के अभियंता बताते हैं कि केंद्र सरकार ने कताई मिलों को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए सड़कों के चौड़ीकरण का जो खाका खींचा था, वह बहेड़ी में आकर कागजी उलझनों में फंस गया है।

लोक निर्माण विभाग के प्रांतीय खंड के अधिशासी अभियंता भगत सिंह का कहना है कि विभाग ने सारी तैयारी पूरी कर ली थी। 94 करोड़ रुपये के इस महत्त्वाकांक्षी प्रोजेक्ट का एस्टीमेट महीनों पहले शासन को भेजा जा चुका है, मगर वहां से मंजूरी का इंतजार खत्म होने का नाम नहीं ले रहा। यह मार्ग अभी महज टूलेन है, जिसे फोरलेन में बदलना जरूरी है। केंद्र के सख्त निर्देशों के बावजूद वित्तीय स्वीकृति में हो रही यह देरी औद्योगिक निवेश को प्रभावित कर रही है। टू लेन सड़क पर आए दिन लगने वाले जाम और जर्जर पैच के कारण कताई मिल तक कच्चा माल पहुंचाने वाले ट्रकों व अन्य वाहनों को खासी मशक्कत करनी पड़ती है। एक्सईएन का कहना है कि शासन से 94 करोड़ रुपये के बजट को हरी झंडी मिलने पर निविदा प्रक्रिया शुरू करा दी जाएगी।

## इंजीनियरिंग की पढ़ाई के बाद छत्रपाल ने कॉर्पोरेट जगत के बजाय पशुपालन व्यवसाय से पेश की मिसाल

# 'ऑस्ट्रेलियन मेरिनो' भेड़ से कमा रहे लाखों रुपये

महिपाल गंगवार, बरेली



छत्रपाल के फार्म हाउस में अस्ट्रेलियन मेरिनो भेड़। ● अमृत विचार

- तीन साल पहले पशुपालन विभाग से एक करोड़ का लोन लेकर मोहनिया गांव में स्थापित किया फार्म
- सालाना 10 से 12 लाख की कमाई, फार्म के जरिए स्थानीय ग्रामीणों को भी मिल रहा रोजगार

अमृत विचारः बड़ी संख्या में युवा भविष्य के लिए जोखिम से बचने और स्थाई आमदनी के लिए नौकरियों के पीछे दौड़ रहे हैं वहीं कुछ युवा ऐसे हैं जो खुद ही अपना भविष्य गढ़ रहे हैं। बरेली के डीडीपुरम स्थित आनंद विहार कालोनी निवासी 38 वर्षीय छत्रपाल सिंह ने भी अपने सपनों के साथ उड़ान भरकर पशुपालन को एक हाईटेक बिजनेस मॉडल में बदल दिया है।

एमटेक की डिग्री हासिल करने के बाद छत्रपाल ने किसी दफ्तर में बैठने के बजाय बिथरी के मोहनिया गांव में अपनी 18 बीघा जमीन पर अपना भविष्य बुना। उन्होंने यहां विदेशी नस्ल की भेड़ों का एक अत्याधुनिक फार्म बनाया है, जो मिसाल बनकर उभरा है। खुद को कुशल बनाने के लिए उन्होंने आईवीआरआई से डेयरी, पोल्ट्री और गोट फार्मिंग का प्रशिक्षण लिया। इसके बाद पशुपालन के क्षेत्र में जिले के सफल उद्यमी बनकर उभरे हैं।

छत्रपाल अपने फार्म पर विशेष रूप से ''ऑस्ट्रेलियन मेरिनो'' नस्ल के मेंढ़े तैयार कर रहे हैं। इन मेंढ़ों को वह विशेष रूप से पहाड़ी क्षेत्रों से मंगाते हैं और एक साल तक उनकी वैज्ञानिक तरीके से देखरेख करते हैं। छत्रपाल बताते हैं कि मेरिनो भेड़ पालना मुनाफे का सौदा इसलिए है क्योंकि यह डबल इनकम देती है। इनका मांस बाजार में 400 से 450 रुपये प्रति किलो बिकता है, वहीं इनकी ऊन बेहद उम्दा क्वालिटी की होती है। इन भेड़ों के जरिये वह आज सालाना 10 से 12 लाख रुपये से अधिक की कमाई कर रहे हैं।

### सरकारी योजना का मिला लाभ

छत्रपाल की इस सफलता में सरकारी सहयोग की बड़ी भूमिका रही है। तीन साल पहले उन्होंने केंद्र सरकार की नेशनल लाइवस्टॉक मिशन (एनएलएम) योजना के तहत एक करोड़ रुपये का ऋण लेकर इस बड़े प्रोजेक्ट की शुरुआत की। उनकी मेहनत को देखते हुए आईवीआरआई के तत्कालीन निदेशक डॉ. त्रिवेणी दत्त उन्हें सम्मानित कर चुके हैं। अब पशुपालन विभाग ने उनका नाम केंद्र और राज्य सरकार के प्रतिष्ठित पुरस्कारों के लिए भी भेजा है। आज छत्रपाल न केवल खुद समृद्ध हैं, बल्कि अपने फार्म के जरिए कई अन्य लोगों को रोजगार देकर आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार कर रहे हैं।

# चार तहसीलों के 160 गांव फ्लड प्लेन जोन में शामिल

## रामगंगा के आसपास फ्लड प्लेन जोन के निर्धारण और सीमांकन को मंजूरी, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग ने जारी की अधिसूचना

कार्यालय संवाददाता, बरेली



- रामपुर, बदायूं, शाहजहांपुर, मुरादाबाद समेत कई जिलों में भी फ्लड प्लेन जोन बनेगा

अमृत विचारः बाढ़ जोखिम कम करने के लिए रामगंगा नदी के आसपास फ्लड प्लेन जोन के निर्धारण व सीमांकन कराने के लिए शासन ने मंजूरी दे दी है। अब नदी से कितने मीटर तक निर्माण कार्यों पर सौ वर्ष के लिए रोक लगाई जाएगी, इसको लेकर सीमांकन कार्य होगा। बरेली में 160 गांवों को फ्लड प्लेन जोन में शामिल किया गया है। इनमें निर्माण कार्यों पर भी रोक है, लेकिन कितने मीटर तक निर्माण कार्य नहीं होंगे, इसकी स्थिति अस्पष्ट है।

शासन ने राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) नई दिल्ली की ओर से आदेश कुमार यादव बनाम यूनियन ऑफ इंडिया व अन्य में पारित आदेश के अनुपालन में रामगंगा नदी की 100 वर्ष के रिटर्न पीरियड की बाढ़ के आधार पर फ्लड प्लेन जोन घोषित किया है। सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के विशेष सचिव कुलदीप श्रीवास्तव की ओर से बरेली के साथ शाहजहांपुर, बदायूं, मुरादाबाद, अमरोहा, बिजनौर जिले में फ्लड प्लेन जोन के निर्धारण एवं सीमांकन की अधिसूचना जारी की है। डीएम, कमिश्नर के साथ सिंचाई व बाढ़ खंड के विभाग के अधिकारियों को जारी किए गए पत्र में एनजीटी के अनुपालन में सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के प्रमुख अभियंता कार्यालय के मुख्य अभियंता (जल संसाधन) ने रामगंगा नदी की 100 वर्ष के रिटर्न पीरियड की बाढ़ के आधार पर फ्लड प्लेन जोन के निर्धारण एवं सीमांकन की अधिसूचना जारी करने के संबंध में प्रस्ताव उपलब्ध कराया था। बाढ़ के आधार पर फ्लड प्लेन जोन के निर्धारण एवं सीमांकन के लिए निर्देशांक (अक्षांश एवं देशांतर) के आधार पर फ्लड प्लेन जोन बनेगा।

दरअसल, बरेली जनपद में फ्लड प्लेन जोन के सीमांकन की प्रारंभिक रिपोर्ट एनआईएच (नेशनल इंस्टीट्यूट हाइड्रोलॉजी) रुड़की से तैयार करायी गयी। जिले की तहसील सदर, मीरगंज, फरीदपुर, आंवला के 160 गांवों को रामगंगा नदी में आने वाली बाढ़ की जोखिम में माना गया। बाढ़ की तबाही रोकने के उद्देश्य से नदी किनारे फ्लड जोन एरिया बनाया है। इस कार्य को मुरादाबाद बाढ़ खंड ने पूरा कराया। प्रारंभिक रिपोर्ट में बताया गया कि बीडीए फ्लड जोन में शामिल किए गए गांवों में भविष्य में नयी टाउनशिप नहीं बसा सकेगा और न ही नगर निगम को इन गांवों को अपनी सीमा में शामिल कर सकेगा। हाल ही में बरेली बाढ़ खंड के अभियंता नीरज कुमार लांबा ने कहा था कि शासन से मंजूरी मिलने का इंतजार किया जा रहा है। मंजूरी मिलने के आगे की कार्यवाही शुरू करायी जाएगी।

## बाढ़ से गांवों को बचाने के इंतजाम शुरू

बरेली, अमृत विचार : बारिश के दिनों में रामगंगा सहित उसकी सहायक नदियों की बाढ़ से तमाम गांवों को बचाने के लिए अभी से इंतजाम किए जा रहे हैं। इन नदियों के किनारे कटान निरोधक कार्य शुरू कर दिया गया है। हालांकि ये इंतजाम बारिश के दिनों में कितने कारगर साबित होंगे, यह स्थिति बाढ़ आने के दौरान ही स्पष्ट होगी।

पिछले कुछ सालों से रामगंगा में बाढ़ आने के दौरान फरीदपुर तहसील के ग्राम समूह गुर्जर गौटिया, धीमरपुर एवं बेहरा आदि गांवों के ग्रामीणों को दिक्कतें झेलनी पड़ती हैं। फसलें और सैकड़ों बीघा भूमि बाढ़ में समा जाती है। इसी तरह बहेड़ी तहसील के अंतर्गत किच्छा नदी के किनारे के ग्राम बकौली, बहुदनपुर, नवायत आदि ग्राम में पानी घुस आता है। नवाबगंज तहसील क्षेत्र के अंतर्गत बहने वाली देवहा नदी के किनारे अमीरनगर एवं गुलाही आदि गांवों प्रभावित होते हैं। बाढ़ खंड ने इन बाढ़ प्रभावित गांवों को बचाने के लिए इंतजाम शुरू कर दिए हैं।

देवहा नदी के किनारे अमीरनगर एवं गुलाही आदि गांवों में बाढ़ से कटान से सुरक्षा के लिए 5.97 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। रामगंगा नदी के पास गुर्जर गौटिया, धीमरपुर, बेहरा आदि गांव में बाढ़ सुरक्षा के लिए डाउन स्ट्रीम मेकटान निरोधक कार्य कराने के लिए 4.98 करोड़ रुपये स्वीकृत किए हैं। किच्छा नदी के पास ग्राम बकौली, बहुदनपुर व नवायत आदि में कटान से सुरक्षा के लिए 4.63 करोड़ रुपये स्वीकृत किए हैं। 3.89 करोड़ रुपये आवंटित भी किए हैं। गुर्जर गोटिया में बाढ़ खंड विभाग ने नदी किनारे बचाव इंतजाम शुरू करा दिए हैं।

अधिशासी अभियंता बाढ़ खंड नीरज कुमार लांबा ने बताया किरामगंगा, देवहा, धौरा व किच्छा नदियों के आसपास के गांवों को बाढ़ से बचाने के लिए इंतजाम शुरू करा दिए हैं। शासन ने बाढ़ से बचाव को बजट जारी किया है, सात जगहों पर कटान बचाव निरोधक कार्य कराए जा रहे हैं। बारिश शुरू होने से पहले बचाव कार्य पूरे कर लिए जाएंगे।

## अमृतसर कोलकाता साप्ताहिक ट्रेन 13 से

बरेली, अमृत विचार : 04624 04623 अमृतसर कोलकाता अमृतसर वाया गोरखपुर ग्रीष्मकालीन साप्ताहिक आरक्षित विशेष ट्रेन का संचालन 13 अप्रैल से अमृतसर और 16 अप्रैल से कोलकाता से चलाने का निर्णय लिया गया है। यह ट्रेन बरेली होकर गुजरेगी। जिससे यात्रियों को राहत मिलेगी। 04624 ट्रेन 13 अप्रैल से 29 जून तक प्रत्येक सोमवार को अमृतसर से 20:10 पर चलकर दूसरे दिन मुरादाबाद 6:25 बजे, बरेली 7:42 बजे आएगी। तीसरे दिन 15:00 बजे कोलकाता पहुंचेगी। इसके अलावा 16 अप्रैल से 2 जुलाई तक 04623 ट्रेन प्रत्येक गुरुवार को कोलकाता से 5:00 चलकर दूसरे दिन सीतापुर 8:35 पर पहुंचेगी। शाहजहांपुर 11:10, बरेली 12:30 पर पहुंचेगी। तीसरे दिन अमृतसर 12 :40 पर पहुंचेगी। वहीं, 04316/04315 योग नगरी ऋषिकेश-गोरखपुर-योग नगरी ऋषिकेश ग्रीष्मकालीन साप्ताहिक आरक्षित विशेष ट्रेन का संचालन योग नगरी ऋषिकेश से 21 अप्रैल से 14 जुलाई तक प्रत्येक मंगलवार व गोरखपुर से 22 अप्रैल से 15 जुलाई तक प्रत्येक बुधवार को किया जायेगा।

## सिटी डायरी

### लखनऊ में बरेली के रोडवेज कर्मियों का क्रिकेट ट्रॉफी पर कब्जा



बरेली, अमृत विचार : उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की लखनऊ में आयोजित तीन दिवसीय इंटर जोनल क्रिकेट प्रतियोगिता में बरेली के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। टूर्नामेंट के दौरान बरेली के सहायक यातायात निरीक्षक रवि मेसी की जादुई गेंदबाजी और सधी हुई बल्लेबाजी का जलवा देखने को मिला। उन्हें मैन ऑफ द टूर्नामेंट चुना गया। अधिकारियों ने कहा कि जिले के इन खिलाड़ियों की बदौलत नॉर्थ जोन ने बनारस (ईस्ट जोन) को मुकाबले में शिकस्त देकर ट्रॉफी अपने नाम की। टीम के कप्तान और मुरादाबाद के क्षेत्रीय प्रबंधक अनुराग यादव के नेतृत्व में नॉर्थ जोन (बरेली, मुरादाबाद, हरदोई, इटावा) की शुरुआत फाइनल में कुछ लड़खड़ाई जरूर थी, लेकिन बरेली के रवि प्रकाश और मुरादाबाद के दीपक चौधरी के बीच हुई 50 रनों की साझेदारी ने टीम को संकट से उबार लिया। शानदार बल्लेबाजी के लिए बरेली के आरएम दीपक चौधरी को 'मैन ऑफ द मैच' मिला।

### राष्ट्रवर्धन ने शोध में सिक्योर्ड साइबर स्पेस पर दिए सुझाव



बरेली, अमृत विचार : एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय के विधि विभाग के शोधार्थी राष्ट वर्धन ने बुधवार को वायवा प्रेजेंटेशन में सिक्योर्ड साइबर स्पेस : एन एनालिसिस ऑफ द राइट् टू इंटरनेट एक्सेस एंड इट्स इंप्लीकेशन फॉर साइबर सिक्योरिटी पर शोध प्रस्तुत किया। शोधार्थी ने इंटरनेट शटडाउन एवं साइबर सिक्योरिटी को लेकर महत्वपूर्ण सुझाव दिए जिसमें डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत बनाना, लोगों को एक समान स्पीड में इंटरनेट उपलब्ध कराना, नए साइबर अपराधों की पहचान व उसे रोकने के लिए जागरुकता अभियान, साइबर सिक्योरिटी के लिए सरकार द्वारा पीपीपी मॉडल अपनाए जाने, इंटरनेट शटडाउन को निवारक कार्यवाही के रूप में लास्ट ऑप्शन माने जाने तथा इंटरनेट एजुकेशन को प्राथमिक शिक्षा में शामिल किए जाने आदि महत्वपूर्ण सुझाव शामिल हैं। विधि विभाग के शिक्षक डॉ. शहनाज अख्तर, डॉ. लक्ष्मी देवी, डॉ. प्रवीण कृष्ण चौहान, नईमुद्दीन, पूर्व संकाय अध्यक्ष विधि विभाग लखनऊ विश्वविद्यालय, प्रो वीके गुप्ता, एसोसिएट प्रो. डॉ. अरुण प्रकाश सिंह उपस्थित रहे।

### व्यापारी संगठन 'कैट' के जिला अध्यक्ष बने सुनील खत्री



बरेली, अमृत विचार : कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन घनश्याम दास गर्ग की अध्यक्षता में मथुरा में आयोजित बैठक में बरेली के युवा व्यापारी नेता सुनील खत्री को जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया। कैट के महासचिव सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने संगठन को और मजबूत बनाने पर जोर दिया। प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र गोयल ने सुनील खत्री को शुभकामनाएं दीं। बैठक में 12 से 15 अगस्त तक दिल्ली के प्रगति मैदान स्थित भारत मंडपम में भारतीय व्यापारी महोत्सव 2026 को सफल बनाने के लिए व्यापक भागीदारी सुनिश्चित करने पर भी चर्चा हुई। सुनील खत्री ने कहा कि संगठन ने जो जिम्मेदारी दी है, उसे पूरी निष्ठा से निभाएंगे और व्यापारियों की समस्याओं को राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने का प्रयास करेंगे।

### कैंप में 34 शिकायतों का निस्तारण किया




बरेली, अमृत विचार : महिला कल्याण विभाग की ओर से ब्लॉक मझगंवा में आयोजित कैंप में विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। इससे पहले कैंप का शुभारंभ ब्लॉक प्रमुख यशवंत सिंह ने किया। कैंप में 55 निराश्रित महिलाओं ने पेंशन संबंधी समस्या रखीं। मौके पर 34 मामलों का निस्तारण किया गया। निराश्रित महिला पेंशन, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना समेत कई योजनाओं की जानकारी लोगों को दी गई। खंड विकास अधिकारी सुनील वर्मा, एडीओ समाज कल्याण शिवानी, जिला मिशन कोऑर्डिनेटर रिंकी, जेंडर स्पेशलिस्ट हरिंदर कौर, शाहरीन, केस वर्कर विमल सिरोही, कंप्यूटर सहायक हिमांशु मौजूद रहे।

# उर्स का समापन, मांगी अमन की दुआ

कार्यालय संवाददाता, बरेली



दरगाह शाहदाना वली पर कुल में जुटे अकीदतमंद। ● अमृत विचार

- दरगाह शाहदाना वली पर मना सय्यद बाबा का कुल
- पांच रोजा उर्स का अकीदत व एहतराम से समापन

अमृत विचारः शाहदाना वली के छोटे उर्स सत्तरवीं शरीफ के अंतिम दिन बुधवार को सुबह कुरानख्वानी से दिन की शुरुआत हुई। मस्जिद के इमाम मौलाना मुशाहिद रजा ने सलाम का नजराना पेश किया। दरगाह पर दिनभर अकीदतमंद चादरपोशी करते रहे।

सुबह 10: 30 बजे सय्यद बाबा के कुल शरीफ की रस्म अदा की गई। जिसमें सूफी रिजवान रजा खां कादरी ने देश में अमन चैन और भाईचारे की दुआ की। मीडिया प्रभारी वसी अहमद वारसी ने बताया हर साल सरकार शाहदाना वली के बड़े कुल शरीफ के मौके पर गरीब लड़कियों की शादी दरगाह की तरफ से कराई जाती है। कुल के बाद सुबह 11 बजे फनकार शाहवेज साबरी ने रंग शरीफ का नजराना मजार ए मुबारक पर पेश किया। कुल की रस्म के साथ पांच रोजा उर्स का समापन हो गया। मिर्जा मुकर्रम बेग, यूसुफ इब्राहिम, सलीम रजा गफूर पहलवान, मिर्जा शाहाब बेग, अब्दुल सलाम नूरी, जावेद खां, मेहबूब साबरी, भूरा साबरी, गुल्लन खां, आसिफ सकलैनी, परवेज खां, जावेद खां, वसी अहमद, दिलावर खां आदि मौजूद रहे।

**नगर निगम पर अनदेखी का आरोप :** दरगाह के मुतावल्ली अब्दुल वाजिद खां बब्बू मियां नूरी ने बताया कि नगर निगम में सफाई के लिए ज्ञापन दिया गया, मगर पांच रोजा उर्स के मौके पर किसी तरह की सफाई नहीं कराई गई। न ही दरगाह के आसपास की लाइट ठीक कराई गई। लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

# 28 हजार ने कराया रिचार्ज बाकी कैसे जला रहे बिजली

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- मुख्य अभियंता ने बिजली चोरी पकड़ने के लिए छापेमारी करने के दिए निर्देश

अमृत विचारः शहरी क्षेत्र में पोस्टपेड से प्रीपेड मीटर होने पर 34 हजार कनेक्शन काट दिए गए। इसके बाद 28 हजार उपभोक्ताओं ने रिचार्ज कराकर बिजली आपूर्ति शुरू करा ली। बचे हुए उपभोक्ताओं ने रिचार्ज नहीं कराया है। इन उपभोक्ताओं के यहां बिजली चोरी की आशंका जताई जा रही है। मुख्य अभियंता ने अभियान चलाकर बिजली चोरी मिलने पर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

जिले में करीब 83 हजार उपभोक्ताओं के घर स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगे हैं। शहरी क्षेत्र में 62 हजार तो ग्रामीण क्षेत्र में 20 हजार स्मार्ट मीटर लगे हैं। 34 हजार उपभोक्ताओं का बैलेंस निगेटिव होने पर उनकी बिजली आपूर्ति लखनऊ से काटी गई। इन उपभोक्ताओं पर करीब 13 करोड़ रुपये बकाया था। इनमें 28 हजार उपभोक्ताओं ने रिचार्ज कराकर बिजली आपूर्ति बहाल करा ली। बचे हुए 6 हजार उपभोक्ताओं की बिजली आपूर्ति बंद है। बरेली जोन प्रथम के मुख्य अभियंता ज्ञान प्रकाश ने कहा कि गर्मी में यह 6 हजार उपभोक्ता बिना बिजली के नहीं रह सकते। उन्होंने विजिलेंस, एचआर और विभागीय टीम को आदेश दिए कि इन उपभोक्ताओं के यहां चेकिंग करें, कही चोरी से बिजली तो नहीं इस्तेमाल कर रहे। कोई उपभोक्ता अपने पड़ोसी से बिजली लेकर जला रहा है तो उसके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

# 0238 का मोह त्यागें, उन्नत किस्में अपनाएं गन्ना किसान

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- उप गन्ना आयुक्त ने मासिक समीक्षा बैठक में रिजेक्टेड प्रजातियां हटाने के दिए निर्देश
- सभी चीनी मिलों को शेष भुगतान समय-सीमा के भीतर चुकाने को कहा

अमृत विचारः बरेली परिक्षेत्र के गन्ना किसानों की आय बढ़ाने और खेती को रोगों से सुरक्षित रखने के लिए विभाग ने कमर कस ली है। बुधवार को गन्ना भवन सभागार में आयोजित मासिक समीक्षा बैठक में उप गन्ना आयुक्त राजेश मिश्र ने निर्देश दिए कि बसंतकालीन गन्ना बुआई के लक्ष्य को शत-प्रतिशत पूरा किया जाए। बैठक का मुख्य केंद्र रोगग्रस्त हो चुकी गन्ना प्रजाति को. 0238 और अन्य रिजेक्टेड किस्मों का विस्थापन रहा।

उप गन्ना आयुक्त ने कहा कि अब इन संवेदनशील प्रजातियों के स्थान पर उन्नतशील और रोग प्रतिरोधी किस्मों को प्राथमिकता दी जाएगी, ताकि किसानों की फसल कीटों और बीमारियों की भेंट न चढ़े। समस्त डीसीओ और चीनी मिलों के प्रबंधकों से कहा कि बसंतकालीन बुआई के दौरान किसानों को खाद या बीज की किल्लत नहीं होनी चाहिए। उन्होंने नैनो यूरिया और नैनो डीएपी की उपलब्धता के साथ-साथ चीनी मिलों को गन्ना बीज आरक्षण के लिए आवंटित बजट को समय पर खर्च करने के निर्देश दिए। उप गन्ना आयुक्त ने सभी चीनी मिलों को निर्देश दिए कि शेष भुगतान समय-सीमा के भीतर पूर्ण कर लिया जाए। बैठक में परिक्षेत्र के समस्त जिला गन्ना अधिकारी, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक और चीनी मिलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# खाद की कालाबाजारी रोकने को उत्तराखंड सीमा पर होगी निगरानी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- जिलाधिकारी ने गठित किए सचल दल, अवैध परिवहन पर होगी जेल

अमृत विचारः खरीफ फसलों की बुआई और रोपाई के सीजन को देखते हुए जिला प्रशासन ने उर्वरक माफियाओं के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। उत्तराखंड बॉर्डर पर सख्त निगरानी की जाएगी।

जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने खाद की कालाबाजारी, तस्करी और ओवर रेटिंग को रोकने के लिए सभी तहसीलों में विशेष सचल दलों का गठन किया है। इन दलों में कृषि विभाग, राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारियों को शामिल किया गया है, जो सदर, बहेड़ी, आंवला, नवाबगंज, फरीदपुर और मीरगंज जैसे क्षेत्रों में छापेमारी और निरीक्षण की कार्रवाई करेंगे। प्रशासन का मुख्य फोकस उत्तराखंड की सीमा से होने वाली उर्वरकों की तस्करी को रोकना है। जिलाधिकारी ने सख्त निर्देश दिए हैं कि जनपद के वास्तविक कृषकों को उनकी जोत के आधार पर निर्धारित मूल्य पर ही खाद उपलब्ध कराई जाए। पीओएस मशीन के माध्यम से ही बिक्री सुनिश्चित करने के आदेश दिए गए, ताकि पारदर्शिता बनी रहे। कोई विक्रेता अवैध परिवहन, टैगिंग या निर्धारित दर से अधिक मूल्य वसूलते हुए पाया जाता है, तो कठोर कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही, सीमावर्ती सहकारी समितियों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी ताकि दूसरे राज्यों के किसानों को स्थानीय स्टॉक न बेचा जा सके।

### चौबीस घंटे में प्रगणकों व सुपरवाइजरों की नियुक्ति करने के निर्देश

बरेली, अमृत विचार : डीएम अविनाश सिंह ने जनगणना 2027 के पहले चरण की तैयारियां परखने के संबंध में कलेक्ट्रेट सभागार में बुधवार शाम बैठक की। अधिकारियों को चौबीस घंटे में प्रागणकों व सुपरवाइजरों की नियुक्ति करने के निर्देश दिए। डीएम ने तहसीलवार, नगर निकाय वार एचसीबी के निर्धारण की जानकारी की और प्रगणकों व सुपरवाइजरों की नियुक्ति करने के साथ 10 प्रतिशत कर्मियों की ड्यूटी रिजर्व में लगाने के निर्देश दिये। डीएम ने कहा कि प्रधानाध्यापकों, ग्राम पंचायत अधिकारियों व ग्राम सचिवों की नियुक्ति सुपरवाइजरों के रूप में करें। इसके अतिरिक्त पंचायत सहायकों की ड्यूटी उनकी ही ग्राम पंचायतों में लगाएं। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संतोष कुमार सिंह ने जानकारी दी कि संबंधित कर्मी की ड्यूटी लगाने का मैसेज उनके मोबाइल पर भेजा जाएगा। कार्मिकों का प्रशिक्षण तहसील स्तर पर होगा। समस्त कर्मियों को तीन दिवसीय प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। जनपद में 16 अप्रैल से प्रगणकों व सुपरवाइजरों के प्रशिक्षण आरंभ होंगे।

## सिटी ब्रीफ

### छात्रों ने शैक्षिक औद्योगिक भ्रमण किया

**बरेली, अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय के बीएचएमसीटी (बैचलर ऑफ होटल मैनेजमेंट एंड कैटरिंग टेक्नोलॉजी) पाठ्यक्रम के छात्रों ने बुधवार को शहर के एक निजी होटल का शैक्षिक औद्योगिक भ्रमण किया। होटल के मार्केटिंग एवं सेल्स निदेशक संतोष पलाधी ने छात्रों का स्वागत किया। उन्होंने विद्यार्थियों को सेल्स, मार्केटिंग और गेस्ट रिलेशनशिप के महत्वपूर्ण पहलुओं पर व्यावहारिक जानकारी दी। शैक्षणिक दल का नेतृत्व विभाग की हेड प्रो. डॉ. तुलिका सक्सेना ने किया। इस दौरान डॉ. हरीश चंद्र भट्ट, पारस संतोषी, डॉ. हेमा वर्मा, एकता सक्सेना मौजूद रहीं।

### बरेली कॉलेज में अनुशासनहीनता पर तीन छात्रों को चेतावनी

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली कॉलेज परिसर में बुधवार दोपहर अनुशासनहीनता के मामले में सख्ती दिखाते हुए कॉलेज प्रशासन ने बीए फोर्थ सेमेस्टर की दो छात्राओं और एक छात्र को चेतावनी दी है। यह कार्रवाई कॉलेज परिसर में अनुचित आचरण और नियमों के उल्लंघन के बाद की गई। चीफ प्रॉक्टर प्रो. इंद्रवीर सिंह चौहान ने बताया कि संस्थान में अनुशासन बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है, किसी भी प्रकार की अव्यवस्था को स्वीकार नहीं किया जाएगा। प्रशासन ने सभी छात्रों से परिसर में मर्यादित और जिम्मेदार व्यवहार करने की अपील की है।

# तीन ताल, ठुमरी के साथ कलाकारों ने मिलाई कदमताल तो झूम उठे दर्शक

## डॉ. तपन राय ने बांधा समां, कला व कलाकारों का अद्भुत संगम देखने को मिला

- प्रभाव ऑडिटोरियम में 'क्लासिकल सोल्स' की कथक संध्या का आयोजन
- कथा प्रसंगों पर कल्पना द्विवेदी की एकल प्रस्तुति ने लोगों को कर दिया मुग्ध

कार्यालय संवाददाता, बरेली



अर्बन आडिटोरियम में द क्लासिकल सोल के कार्यक्रम में नृत्य करते कलाकार। • अमृत विचार

**अमृत विचार :** अर्बन हाट स्थित प्रभाव ऑडिटोरियम में आयोजित 'क्लासिकल सोल्स' की कथक संध्या नायकी में कला और कलाकारों का अद्भुत संगम देखने को मिला।

ख्याति प्राप्त कथक गुरु पंडित डॉ. तपन राय ने टीम के साथ शानदार प्रस्तुतियां देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। आयोजन कथक कलाकार एकेडमी की संचालिका कल्पना द्विवेदी के नेतृत्व में हुआ। संयोजन अरुणेश द्विवेदी ने किया।

कार्यक्रम की शुरुआत एकेडमी के बाल कलाकारों ने गायन-वादन से की। 'कोपल' नृत्य प्रस्तुति ने शाम को नई ऊर्जा दी। 'सजनी-सजनी' नृत्य में झलक गंगवार, डॉ. शिल्पी सिंघल, ममता त्रिपाठी और सिदीक्षा मिश्रा ने रविन्द्रनाथ टैगोर की रचना को सजीव किया। तीनताल और ठुमरी की प्रस्तुतियों ने दर्शकों को भाव-विभोर कर दिया। कल्पना द्विवेदी की एकल प्रस्तुति भी सराहनीय रही।

कजाकिस्तान में पूर्व सांस्कृतिक भारतीय राजदूत रहे डा. तपन राय की प्रस्तुति ने दर्शकों को बांधे रखा। उन्होंने रामायण प्रसंगों को कथक के माध्यम से प्रस्तुत किया। बरेली कॉलेज की उप-प्राचार्य डॉ. वंदना शर्मा ने कथक को भारतीय संस्कृति का प्रतिबिंब बताया। वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. विमल भारद्वाज ने कहा कि कथक में विज्ञान और आध्यात्म दोनों का समावेश है। उद्यमी डॉ. पवन सक्सेना ने कहा कि किसी भी शहर की धड़कन उसकी कला से ही जीवित रहती है। पुरस्कार वितरण किया गया। संचालन श्वेता पाठक ने किया। झलक वर्मा समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।



एकल नृत्य करतीं कल्पना द्विवेदी।

## ड्रीम्स परियोजना की प्रगति की समीक्षा

**बरेली, अमृत विचार :** एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय में ड्रीम्स शोध परियोजना आईआईटी रोपड़ के सहयोग से नेशनल रिसर्च फाउंडेशन की पेयर योजना के अंतर्गत संचालित की जा रही है जिसमें अन्नय प्रदेशों के छह विश्वविद्यालय भी शामिल हैं। परियोजना का उद्देश्य उन्नत मैटेरियल विकसित करना है। जिससे ऊर्जा और राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी जरूरतों को पूरा किया जा सके तथा रेयर अर्थ मैटेरियल पर निर्भरता कम हो।



कुलपति प्रो. केपी सिंह।

इस ड्रीम्स परियोजना की प्रगति की समीक्षा बैठक में कुलपति प्रो. केपी सिंह ने नवाचार आधारित शोध को और गति देने के निर्देश दिए। प्रो. नवीन कुमार, डॉ. ब्रजेश कुमार सहित पांचों अनुसंधान कर्मियों ने अपने कार्यों की प्रस्तुति दी और कार्ययोजना रखी। कुलपति ने शोध कार्यों को व्यावहारिक उपयोग से जोड़ने पर जोर देते हुए आवश्यक उपकरणों की खरीद के लिए प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस तरह के शोध देश की आत्मनिर्भरता को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाएंगे।

# फीस बढ़ाने व महंगे कोर्स वाले स्कूलों पर कसेगा शिकंजा

- डीएम ने शिक्षा विभाग के अफसरों को ऐसे स्कूलों की सूची तैयार करने के दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** जो निजी स्कूल संचालक हर साल 15 से 20 प्रतिशत फीस में वृद्धि करते आ रहे हैं और महंगे कोर्स खरीदवा रहे हैं, ऐसे स्कूलों पर शिकंजा कसने की तैयारी शुरू हो गई है। डीएम अविनाश सिंह ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को फीस बढ़ाने, महंगा कोर्स खरीदवाने और एक ही दुकान पर कोर्स मिलने, एनसीईआरटी किताबों को दरकिनार कर विभिन्न प्रकाशकों की किताबें खरीदवाने आदि बिंदुओं पर जानकारी करने के निर्देश दिए हैं। ऐसे स्कूलों की सूची तैयार की जाएगी, ताकि जांच के बाद ऐसे स्कूल संचालकों पर कार्रवाई की जा सके।

डीएम की अध्यक्षता में जल्द जिला शुल्क समिति की बैठक भी होगी। डीएम अविनाश सिंह ने अभिभावकों से बिना डरे हर साल फीस बढ़ाने और महंगा कोर्स खरीदवाने वाले स्कूल संचालकों के बारे में जानकारी देने की अपील की है। डीएम ने बताया कि साक्ष्य मिलने पर स्कूल संचालक के विरुद्ध सख्त कार्रवाई होगी। दरअसल, 1 अप्रैल से स्कूलों में पढ़ाई शुरू हो गई है। स्कूल संचालक अभिभावकों से महंगा कोर्स खरीदवा रहे हैं। पिछले कुछ दिनों से लोग सोशल मीडिया पर महंगी किताबों के खरीदे जाने को लेकर आवाज उठा रहे हैं।

### स्कूलों की मनमानी के विरोध में ज्ञापन देगी शिवसेना

**बरेली :** शिवसेना गुरुवार को निजी स्कूलों में हर साल फीस बढ़ने और कमीशन के लिए महंगे कोर्स खरीदवाने का विरोध प्रदर्शन कर करेगी। जिला प्रमुख दीपक पाठक ने कहा कि स्कूलों में हर साल बिल्डिंग फीस बढ़ाने, एक से दूसरे क्लास में एडमिशन के नाम पर रुपये लेने, फीस बढ़ोतरी और कोर्स के नाम पर अभिभावकों को लूटा जा रहा है। गुरुवार की दोपहर 12:30 बजे शिक्षा मंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को दिया जाएगा।

### एआई किट दो हजार और कोर्स 10 हजार का दे रहे

**बरेली :** एक डे बोर्डिंग स्कूल में एआई किट के नाम पर दो हजार रुपये लेकर चार- पांच सौ का भी सामान नहीं दे रहे। बच्चों का कोर्स 10 से 12 हजार रुपये में दिए जा रहे हैं। एक अभिभावक ने किताबों, एआई किट का वीडियो बनाकर वायरल किया। जिस किताब पर पांच सौ रुपये छपा है, उस पर प्रकाशक का नाम नहीं है, ऐसा आरोप लगाया है।

# कई कालोनियां घोषित की जाएंगी नो एलपीजी जोन, मिल रही पीएनजी

- 225 शादियों के लिए नौ सौ से अधिक दिए कमर्शियल सिलेंडर

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** शादी वाले परिवारों को प्रशासन कमर्शियल सिलेंडर उपलब्ध करा रहा है। बुधवार को कलेक्ट्रेट में जनता दर्शन में कई लोग कार्ड व प्रार्थनापत्र लेकर पहुंचे।

जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने बताया कि 225 आयोजनों के लिए 900 से ज्यादा कमर्शियल सिलेंडर दिए गए हैं। कार्ड लगातार आ रहे हैं, डीएसओ को निर्देश दिए हैं कि गैस की वजह से किसी की भी शादी में दिक्कत न आए। कुछ लोगों ने आर्टिफिशियल किल्लत पैदा की थी, उसे दूर करा दिया है। डीएम ने बताया कि पीएनजी के कनेक्शन बढ़ रहे हैं। शहर की कई कॉलोनियां नो एलपीजी जोन घोषित करने की तैयारी है। यहां पीएनजी की सप्लाई हो रही है। डीएम के आदेश के अनुसार एडीएम कंपाउंड और डीएम कंपाउंड के साथ ही साथ जज कॉलोनी और पीडब्ल्यूडी कॉलोनी को भी पीएनजी पाइपलाइन से जोड़ा जाएगा। इधर, डीएसओ मनीष कुमार का कहना है कि 1200 छोटे सिलेंडर आए हैं। जरूरतमंद अपनी आइडी दिखाकर कार्यालय से सिलेंडर ले सकते हैं।

### पीएनजी जागरुकता वाहन किया रवाना

जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने पीएनजी कनेक्शन के लिए आम जनमानस को जागरूक करने संबंधी प्रचार गाड़ियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। अभी शहर में 60788 पीएनजी कनेक्शन हैं। पीएनजी कनेक्शन 5000 रुपये में हो रहा है। ऑयल कंपनी 2000 रुपये की विशेष छूट दे रही। प्रथम बिल पर 500 रुपये की अतिरिक्त छूट दी जा रही है।

## जन्म के समय ही दांत होना दुर्लभ स्थिति

**बरेली, अमृत विचार:** कभी-कभी कुछ शिशुओं के जन्म के समय ही दांत होते हैं। इन्हें चिकित्सा भाषा में नैटल टीथ कहते हैं। यह एक दुर्लभ स्थिति है, लेकिन पूरी तरह असामान्य या खतरनाक नहीं होती।

इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेज के विशेषज्ञों का कहना है कि ये दांत सामान्य दूध के दांतों की तुलना में छोटे, कमजोर या ढीले हो सकते हैं। इसके कुछ संभावित कारण माने जाते हैं जैसे अनुवांशिक, गर्भावस्था के दौरान पोषण या हार्मोनल बदलाव, दांतों के विकास की असामान्य स्थिति। अधिकतर मामलों में ये दांत नुकसान नहीं करते हैं, लेकिन कुछ समस्याएं हो सकती हैं।

# अमियो रस कीर्तन दरबार में गूंजी आध्यात्मिक वाणी

- आज गुरु गोबिंद सिंह नगर में सजेगा अलौकिक दरबार बैसाखी की तैयारियां तेज

कार्यालय संवाददाता



कीर्तन करता रागी जत्था।



कीर्तन दरबार में भक्तिभाव में डूबी संगत। • अमृत विचार

**बरेली, अमृत विचार:** खालसा सजना दिवस एवं बैसाखी पर्व के कार्यक्रमों के तहत बुधवार को अमियो रस कीर्तन दरबार का आयोजन हुआ। इसमें गुरबाणी कीर्तन से संगत भाव-विभोर हो गई।

श्री दरबार साहब अमृतसर से पधारे हजूरी रागी भाई सहजदीप सिंह ने पीवहु पाहुल खंडेधार और जउ तउ प्रेम खेलन का चाओजैसे शबदों का गायन कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। अरदास और हुकुमनामे के बाद गुरु का लंगर संगत ने एक साथ बैठकर ग्रहण किया।

कार्यक्रम का संचालन मालिक सिंह कालड़ा ने किया। गुरदीप सिंह बग्गा ने आभार जताया। आयोजकों ने बताया कि गुरुवार को गुरु गोबिंद सिंह नगर मॉडल टाउन में पंचम पातशाह गुरु अर्जन देव के प्रकाश पर्व एवं साहिबजादा जुझार सिंह के जन्मदिवस पर अलौकिक कीर्तन दरबार सजाया जाएगा जिसमें दिल्ली से आए रागी जत्था विशेष कीर्तन प्रस्तुत करेंगे। बैसाखी पर्व 14 अप्रैल को खालसा ग्राउंड पीलीभीत रोड पर मनाया जाएगा। 15 अप्रैल को गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में अमृत संचार का आयोजन होगा।

कार्यक्रमों को लेकर संगत में खासा उत्साह देखा जा रहा है।

# दंत स्वास्थ्य शिविरों में बच्चों को दी स्वच्छता की जानकारी




बच्चों को दंत सुरक्षा के बारे में बताते डॉक्टर। • अमृत विचार

**बरेली, अमृत विचार:** ओरल हेल्थ मंथ के तहत इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेज की ओर से बुधवार को पूर्व माध्यमिक विद्यालय भगवतीपुर, प्राथमिक विद्यालय कमुआ कला व ब्लू बर्ड पब्लिक स्कूल में दंत स्वास्थ्यं शिविरों का आयोजन हुआ। जिसमें बच्चों को दंत स्वास्थ्य के प्रति जागरूक कर सही देखभाल के तरीके बताए गए। विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों के दांतों की जांच की, उन्हें मौखिक स्वच्छता बनाए रखने के महत्व के बारे में बताया।

बच्चों को सही तरीके से ब्रश करने की तकनीक सिखाई। विभिन्न मनोरंजक गतिविधियों का आयोजन किया गया। विशेषज्ञों ने बच्चों को अधिक मीठा खाने से होने वाले नुकसान के बारे में भी समझाया।

# शतरंज प्रतियोगिता में डॉ. अभिलाषा प्रथम

- साहू रामस्वरूप महिला महाविद्यालय में वार्षिक स्पोर्ट्स मीट का समापन

कार्यालय संवाददाता, बरेली



ट्राफी के साथ विजेता प्रतिभागी। • अमृत विचार

**अमृत विचार:** साहू रामस्वरूप महिला महाविद्यालय में वार्षिक स्पोर्ट्स मीट के अंतिम दिन बुधवार को शतरंज प्रतियोगिता के फाइनल में डॉ. अभिलाषा सारस्वत ने प्रथम, डॉ. रुचि अग्रवाल ने द्वितीय और प्रो. अनुपमा मेहरोत्रा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मैत्री टेबल टेनिस के मुकाबले में कमेटी के सदस्य आनंद गोयल ने कोच शिखा को हराया। विजेताओं को पुरस्कार दिए गए।

मुख्य अतिथि रुविवि की डीन मैनेजमेंट प्रो. तूलिका सक्सेना और मैनेजमेंट कमेटी के सदस्य आनंद गोयल रहे। मुख्य अतिथि ने कहा कि ऐसे आयोजनों से महाविद्यालय उन्नति करता है। प्राचार्या प्रो अनुपमा मेहरोत्रा, कीड़ा विभाग प्रभारी डॉ. प्रीती वर्मा, कीड़ा परिषद सदस्या प्रो. सीमा गौतम, डॉ. आकांक्षा रस्तोगी, डॉ. रुचि अग्रवाल, डॉ. रीना टंडन, डॉ. प्रज्ञा रावत, मनीष ने अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ देकर किया।

### रुविवि में योगासन प्रशिक्षण आयोजित

**बरेली, अमृत विचार :** एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग में एमएड के विद्यार्थियों के लिए योगासन प्रशिक्षण का आयोजन हुआ। संकायाध्यक्ष प्रो. संतोष अरोड़ा ने विद्यार्थियों को योग की गतिविधियों को अपने जीवन का हिस्सा बनाने पर जोर दिया। उन्होंने शीर्षासन, मयूरासन, चक्रासन, सूर्य नमस्कार सहित विभिन्न प्राणायाम एवं योग की क्रियाओं का प्रदर्शन किया। एमएड पाठ्यक्रम के सभी विद्यार्थी उपस्थित रहे। यह प्रशिक्षण डॉ. विमल व डॉ. रश्मि रंजन के निर्देशन में हुआ।

## सिटी डायरी

### आदित्य मिस्टर व आयुषी बनीं मिस फेयरवेल



**बरेली, अमृत विचार :** बरेली कॉलेज के बीसीए विभाग में द्वितीय वर्ष के छात्र-छात्राओं की ओर से तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों के लिए शहर के एक होटल में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। फेयरवेल पार्टी में आदित्य सिंह चौहान को मिस्टर व आयुषी सक्सेना को मिस फेयरवेल चुना गया। मुख्य अतिथि स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रमों के निदेशक डॉ. एपी सिंह ने कहा कि विद्यार्थी जीवन में की गई मेहनत भविष्य की मजबूत नींव रखती है। उन्होंने छात्रों को निरंतर सीखते रहने और चुनौतियों का सामना करने के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिताओं में सनी और आयुषी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की। डॉ. मनु यादव, डॉ. विकसित शर्मा, विवेक सक्सेना, कृष्ण पाल, प्रखर यादव, अमित शर्मा, पंकज सक्सेना, नितेश सक्सेना, स्मृति सिंह आदि मौजूद रहे। डॉ. रोमा सक्सेना ने आभार जताया।

### परीक्षा परिणाम वितरण, स्कूल चलो अभियान आरंभ



**बरेली, अमृत विचार :** राजकीय हाई स्कूल बढ़ेपुरा में परीक्षा परिणाम वितरण के साथ स्कूल चलो अभियान आरंभ किया गया। प्रधानाचार्य अर्चना राजपूत ने कक्षा 9 में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली नौशीन, द्वितीय राबिया बी और तृतीय सृष्टि को सम्मानित किया। अन्य विद्यार्थियों को भी कड़ी मेहनत कर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया। कक्षा अध्यापिका नीलम रस्तोगी भी उपस्थित रहीं। स्कूल चलो अभियान के तहत पूर्व प्राथमिक विद्यालय बढ़ेपुरा के प्रधानाध्यापक कमरुद्दीन ने कक्षा 8 उत्तीर्ण विद्यार्थियों की सूची विद्यालय को सौंपी। घर-घर संपर्क कर एक भी बच्चे को शिक्षा से वंचित न रहने देने का आह्वान किया।

### छात्राओं को निशुल्क पुस्तकों का किया वितरण



**बरेली, अमृत विचार :** द्रौपदी कन्या इंटर कॉलेज में स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत छात्राओं को निशुल्क पाठ्य पुस्तकों का वितरण किया गया। प्रधानाचार्या डॉ. रामश्री ने कहा कि अभियान का मुख्य उद्देश्य प्रत्येक बच्ची तक शिक्षा की पहुंच सुनिश्चित करना है, ताकि कोई भी छात्रा आर्थिक कारणों से पढ़ाई से वंचित न रहे। आशा रानी, मीनू अग्रवाल, वाणी पाराशरी, ऐश्वर्या, लक्ष्मी त्यागी, सारिका देवी, ज्योति देवी, तलहत और सुचित्रा मौजूद रहीं।

### परिषदीय विद्यालयों में अराजक तत्वों के प्रवेश पर लगाएं रोक



**बरेली, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने बुधवार को सहायक शिक्षा निदेशक अजीत गंगवार को परिषदीय स्कूलों में अराजक तत्वों के प्रवेश पर रोक लगाने के लिए पत्र सौंपा। उन्होंने बताया कि इस संबंध में ज्ञापन दिया जा चुका है, मगर अभी तक इस ओर ध्यान नहीं दिया गया। सहायक शिक्षा निदेशक ने आश्वासन दिया कि इस संबंध में आदेश एक दो-दिन में जारी कर दिया जाएगा। साथ ही शेष 3 ब्लॉकों के चयन वेतनमान सूची भी अगले सप्ताह जारी कर दी जाएगी। जिलाध्यक्ष जितेंद्र गंगवार, मंत्री गिरजेश कुमार, उपाध्यक्ष अरविंद गंगवार, संगठन मंत्री अतुल सिंह, गौरव गुप्ता, अरविंद चौधरी, अजय कुमार, इफ्तियारअहमद, अंकित सिंह मौजूद रहे।

# आध्यात्मिक कथाओं ने किया मंत्रमुग्ध

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** बड़ा बाग हनुमान मंदिर में वूमेन वेलफेयर ट्रस्ट की ओर से आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में कथावाचक आचार्य अतुलेश्वर सनाढ्य ने विभिन्न पौराणिक प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन किया।

कथा में वामन भगवान और राजा बलि का प्रसंग प्रमुख आकर्षण रहा। आचार्य ने गजेंद्र मोक्ष, समुद्र मंथन, माता अदिति के व्रत तथा वामन भगवान के प्राकट्य का प्रसंग भी सुनाया। इसके साथ ही श्रीराम कथा के अंतर्गत राम जन्म, उनकी वंशावली तथा भगवान शंकर द्वारा अयोध्या पहुंचकर राम के दर्शन करने का उल्लेख किया गया। उन्होंने बताया कि राम ने दीर्घकाल तक आदर्श शासन स्थापित किया। नंद उत्सव के प्रसंग पर नंद घर आनंद भयो व ब्रज में बजत बधाई जैसे भजनों ने माहौल भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम में स्वाति अग्रवाल, मोनिका अग्रवाल, विजय लक्ष्मी शर्मा, आयुष बंसल समेत कई श्रद्धालु मौजूद रहे।



श्रीमद्भागवत कथा में नृत्य करतीं श्रद्धालु। • अमृत विचार

### शिवलिंग भगवान शिव के अनंत और निराकार स्वरूप का प्रतीक : राध्या भारद्वाज

**बरेली, अमृत विचार :** वृंदावन धाम से आईं कथा वाचिका राध्या भारद्वाज ने शिवलिंग की उत्पत्ति के रहस्य को विस्तार से समझाया। बताया कि शिवलिंग भगवान शिव के अनंत और निराकार स्वरूप का प्रतीक है। सृष्टि के प्रारंभ में ब्रह्मा और विष्णु के बीच विवाद को समाप्त करने के लिए शिव ज्योति स्तंभ के रूप में प्रकट हुए, जिसका न आदि था न अंत। इसी ज्योति स्वरूप की पूजा शिवलिंग के रूप में की जाती है। उन्होंने कहा कि भगवान शिव केवल संहार के देव नहीं, बल्कि करुणा और पालन के भी प्रतीक हैं। उनकी सच्ची भक्ति से जीवन में शांति, समृद्धि और मोक्ष की प्राप्ति संभव है। उन्होंने श्रद्धालुओं को शिव नाम जप, रुद्राभिषेक और नियमित आराधना का संदेश दिया। भजनों और शिव स्तुति ने माहौल को और अधिक भक्तिमय बना दिया। सतीश कातिब, पवन अरोड़ा, आयुष अग्रवाल, श्याम माथुर सहित कई श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# अभ्युदय से सुरेश ने पाई यूपीपीसीएस में सफलता

- समाज कल्याण मंत्रालय की कोचिंग ने राह की आसान
- आर्थिक व सामाजिक चुनौतियों के बावजूद लहराया परचम

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** आर्थिक चुनौतियों के बावजूद सुरेश बाबू ने राज्य-प्रवर अधीनस्थ सेवा परीक्षा यूपीपीसीएस-2024 में सफलता हासिल कर जिले का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि के पीछे समाज कल्याण मंत्रालय की निशुल्क कोचिंग व मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना का अहम योगदान रहा। उनका चयन नायब तहसीलदार पद पर हुआ है।



सुरेश बाबू।

सुरेश ने सफलता का श्रेय निशुल्क कोचिंग, बेहतर अध्ययन सामग्री व अनुभवी शिक्षकों के मार्गदर्शन को दिया। उन्होंने बताया कि आर्थिक अभाव के बावजूद इन योजनाओं के माध्यम से उन्हें उच्चस्तरीय तैयारी का अवसर मिला। जिससे वे प्रतियोगी परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन कर सके। समाज कल्याण मंत्रालय की तरफ से लखनऊ के गोमती नगर स्थित भागीदारी भवन में निशुल्क आवासीय कोचिंग संचालित की जा रही है।

इसके साथ ही मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के तहत प्रदेश के 75 जिलों में 166 प्रशिक्षण केंद्रों के जरिए युवाओं को यूपीएससी, यूपीपीएससी, जेईई, नीट, एनडीए और सीडीएस जैसी परीक्षाओं की तैयारी कराई जा रही है।